शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 47 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 13 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# नायब सैनी ने ली सीएम पद की शपथ

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद नायब सिंह सैनी के रूप में हरियाणा को अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया



**चंडीगढ़**

**हरियाणा** की सियासत में मंगलवार को बड़ा बदलाव हुआ। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद नायब सिंह सैनी के रूप में हरियाणा को अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। मंगलवार शाम को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने पीठ थपथपा कर सैनी को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही पांच विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

नायब सिंह सैनी को राज्य के पूर्व सीएम मनोहर लाल का करीबी माना जाता है। साल 2019 में भाजपा ने उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा और वह संसद पहुंचे। भाजपा ने सैनी को 2023 में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी थी। ज्यादातर कार्यक्रमों में मनोहर लाल के साथ देखे जाते हैं। सैनी ओबीसी समुदाय से आने वाले भाजपा के प्रमुख नेता हैं। सैनी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साल 1996 में सैनी को राज्य में भाजपा संगठन की जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद 2002 में उन्हें भाजयुमो का जिला महामंत्री बनाया गया। 2012 में सैनी को अंबाला भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद सैनी का प्रमोशन होता गया। वह 2014 में नारायणगढ़ से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। साल 2016 में सैनी को सरकार में राज्य मंत्री भी बनाया गया था।

**कंवर पाल गुर्जर**

1990 में कंवरपाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। वह दो बार भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव बने। तीन बार भारतीय जनता पार्टी के राज्य महासचिव बने। 1991 में छछरौली से पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा। 3 नवंबर 2014 को हरियाणा की 13वीं विधानसभा के अध्यक्ष बने। साल 2000 और 2014, 2019 में विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। मौजूदा समय में वह जगाधरी सीट से विधायक हैं। कंवरपाल गुर्जर मंत्रिमंडल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। वह मनोहर लाल सरकार में भी शिक्षा मंत्री थे।

### भाजपा विधायक दल की बैठक में स्वयं मनोहर लाल ने इसकी जानकारी दी

**हरियाणा** में सरकार का मुखिया बदलने का निर्णय दिल्ली में भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक में हो गया था। चंडीगढ़ में नया नेता चुने जाने के लिए हुई भाजपा विधायक दल की बैठक में स्वयं मनोहर लाल ने इसकी जानकारी दी। इस बैठक में पर्यवेक्षक के तौर पर प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ नए नेता के चुनाव के लिए पहुंचे हुए थे। बैठक शुरू होते ही राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने



कहा कि बैठक की कार्यवाही के बारे में मनोहर लाल बताएंगे।

**नए चेहरों की जरूरत:** इसके बाद मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी का विचार है कि संगठन और सरकार में नए चेहरे काम करें। इसलिए मैंने एक साल पहले ही पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया था कि मैंने प्रदेश में आठ साल तक मुख्यमंत्री रहते हुए सेवा दी है, अब किसी अन्य नेता को इसकी जिम्मेदारी देनी चाहिए। पार्टी में व्यवस्था है कि नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है।

पुराने अलग भूमिका निभाते हैं। मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी में उनके इस आग्रह पर गहन मंथन हुआ, इसमें समय लगा और अब संसदीय बोर्ड ने निर्णय लिया है कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन किया जाए।

## 'रामेश्वरम कैफे विस्फोट का संदिग्ध जल्द गिरफ्त में होगा'

**बेंगलुरु**

**कर्नाटक के गृह** मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि रामेश्वर कैफे विस्फोट मामले में अहम सुराग मिले हैं। मामले की जांच में जुटीं एनआईए और केंद्रीय क्राइम ब्रांच (सीसीबी) आरोपित को पकड़ने के बहुत करीब है और वह जल्द ही गिरफ्त में होगा। गत एक मार्च को शहर के ब्रुकफील्ड क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध भोजनालय रामेश्वरम कैफे में आइईडी से विस्फोट किया गया था। विस्फोट में दस लोग घायल हो गए थे। परमेश्वर ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मामले की जांच जारी है। संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और जांच टीमें उसके बहुत करीब हैं। अब महज आरोपित की पुष्टि की जानी है और उसे पकड़ना है।

**आरोपित जल्द ही गिरफ्त में होगा- परमेश्वर**

उन्होंने उम्मीद जताई कि आरोपित जल्द ही गिरफ्त में होगा। संदिग्ध की तलाश में जांच अधिकारियों ने तुमकुरु, बल्लारी और कलबुर्गी का दौरा किया था। इससे पहले एनआइए ने हमलावर की सीसीटीवी तस्वीरें और वीडियो जारी कर सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

## तमिलनाडु में लागू नहीं होगा सीएए: सीएम स्टालिन

**चेन्नई**

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) को विभाजनकारी और बेकार बताते हुए मंगलवार को इसे खारिज कर दिया और कहा कि इसे उनके राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बीच सीएए लागू करने के लिए नियमों को जल्दबाजी में अधिसूचित करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं। इससे पहले सीएम ने इसे भाजपा का विभाजनकारी एजेंडा बताया और कहा कि लोग उन्हें (भाजपा को) करारा सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा, सीएए से कोई लाभ नहीं होने वाला है। यह भारतीय जनता के बीच सिर्फ फूट डालने का रास्ता तैयार करेगा। उनकी सरकार का रुख यह है कि यह कानून पूरी तरह अनुचित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार राज्य में सीएए लागू करने का किसी भी तरीके से कोई अवसर नहीं देगी।

## भाजपा का जजपा से कोई वैचारिक गठबंधन नहीं: हुड्डा



**हरियाणा** में बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में मनोहर लाल ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। अब नई सरकार में मुख्यमंत्री का चेहरा भी बदला जाएगा। पहले सीएम मनोहर लाल के नामों को लेकर के ही चर्चा थी लेकिन विधायक दल की बैठक में नायब सिंह सैनी के नाम पर मुहर लगी।

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की आई पहली प्रतिक्रिया:** इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने दिल्ली में भाजपा-जजपा गठबंधन खत्म होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा और जजपा का एक और समझौता हुआ है। अलग चुनाव लड़ने का ताकि चुनाव में भाजपा को जातिगत वोट का फायदा मिल सके। हुड्डा ने कहा कि हम पहले ही कहते थे कि भाजपा का जजपा से कोई वैचारिक गठबंधन नहीं है। यह ठगबंधन है क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने नारा दिया था कि अबकी भाजपा 75 पार और जजपा ने इस नारे पर अपना नारा दिया था कि भाजपा जमना पार। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने अपने एक्स पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट कर भाजपा को घेरा।

उन्होंने लिखा कि हरियाणा में पूर्व निर्धारित स्क्रिप्ट के आधार पर हरियाणवीयों को जाति के बिभाजन में बाँट वोट बटोरने की राजनीतिक सर्कस शुरू ।

## पीएम मोदी ने 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार, 12 मार्च को 10 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। अब वंदे भारत की कुल संख्या 50 से अधिक हो गई है और 45 राष्ट्रव्यापी मार्गों को कवर किया गया है। वर्तमान में, भारतीय रेलवे 41 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं संचालित करता है, जो राज्यों को ब्रॉड गेज (बीजी) विद्युतीकृत नेटवर्क से जोड़ती है और 24 राज्यों और 256 जिलों तक फैली हुई है। दिल्ली-कटरा, दिल्ली-वाराणसी, मुंबई-अहमदाबाद, मैसूरु-चेन्नई, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम और अब, विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद सहित




छह मार्गों पर दो वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी। वंदे भारत ट्रेनें मुख्य रूप से विभिन्न राज्यों में फैले विद्युतीकृत ब्रॉड गेज नेटवर्क पर चलती हैं। दिसंबर 2023 में, प्रधानमंत्री ने छह अतिरिक्त वंदे भारत ट्रेनों का उद्घाटन किया। इनमें कटरा से नई दिल्ली को जोड़ने वाली दूसरी ट्रेन शामिल थी। अन्य मार्गों में अमृतसर से दिल्ली, कोयंबटूर से बेंगलुरु, मैंगलोर से मडगांव, जालना से मुंबई और अयोध्या से दिल्ली शामिल हैं।

## आयात से विदेशी मुद्रा का हो रहा है नुकसान: जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली**

भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज संसद भवन परिसर में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 77वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयात भारत की विदेशी मुद्रा को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह रोजगार और उद्यमिता के अवसरों को भी प्रभावित कर रहे है। ऐसे में स्वदेशी को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि 1.4 अरब की आबादी के साथ हमारी कर संग्रह क्षमता काफी हद तक अ-प्रयुक्त है। उन्होंने



प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कि समय को देखते हुए करदाताओं की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। उप-राष्ट्रपति ने सलाह भी दी कि यह काम जबरदस्ती से नहीं बल्कि परामर्श और समर्थन के माध्यम से होना चाहिए। उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस बिरादरी से देश में आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए आग्रह किया। उप-राष्ट्रपति ने आईआरएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को अनुपालन और कानून का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा। उप-राष्ट्रपति ने कहा, "आपको इस जिम्मेदारी का दायित्व गर्व के साथ और पूरी ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। एक अनुकरणीय अधिकारी और नागरिक बनने का सबसे सुरक्षित मार्ग शॉर्टकट अपनाने से बचना और कानून का शासन बनाए रखना है।"

## मुइज्जू के आदेश पर मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी शुरू- रिपोर्ट



**नई दिल्ली**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन का दौरा करने के बाद से भारत विरोधी बयान देने से बाज नहीं आ रहे। ताजा मामले में मुइज्जू ने मालदीव से भारतीय सेना को द्वीपसमूह छोड़ने के लिए 10 मई की समय सीमा तय की है। समाचार एजेंसी एएफपी ने मालदीव के अखबार मिहारू के हवाले से बताया है कि मुइज्जू के आदेश के बाद मालदीव में निगरानी विमान चला रही भारतीय सेना ने द्वीप से स्वदेश लौटना शुरू कर दिया है। वहीं, अड्डू के दक्षिणी एटोल में तैनात 25 भारतीय सैनिक रविवार को मालदीव छोड़ चुके थे। हालांकि, इस बारे में मालदीव या भारतीय के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**मुइज्जू ने भारत से सैनिकों को वापस बुलाने को कहा था**

बता दें कि इसी साल जनवरी में मुइज्जू ने भारत से मालदीव में तैनात सभी भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने को कहा था। दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय बैठकों के बाद, भारत इस शर्त पर मालदीव से अपने सैनिकों को हटाने पर सहमत हुआ था कि विमान संचालन के लिए सैन्य उपस्थिति के बराबर सामान्य कर्मियों को लाया जाएगा।

**चीन के करीब हुए मोहम्मद मुइज्जू:** रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव में भारत के लगभग 89 भारतीय सैन्यकर्मी 10 मई तक वापस आ जाएंगे। चीन के करीबी मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के रिश्तों में खटास आ है।

## 'इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा अगर...'

**दिसपुर**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। असम के सीएम ने कहा कि 'अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल जाती है तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।'



**सोमवार को लागू हुआ सीएए**

दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम ( **सीएए**) के लिए एक अधिसूचना जारी की। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के कुछ हफ्ते पहले ही लागू की गई है। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। टिप्पणी सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं असम का बेटा हूं और अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले एक भी व्यक्ति को नागरिकता मिलती है, तो मैं इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।'

## देश को बांटने और सौहार्द बिगाड़ने के लिए लागू किया गया सीएए: कमल

**चेन्नई**

**दिग्गज** अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम पार्टी के संस्थापक कमल हासन और अभिनेता विजय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) लागू किये जाने का मंगलवार को कड़ा विरोध किया। विजय ने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कषगमगठित की है।

अभिनेता हासन ने केंद्र की मोदी सरकार पर आगामी लोकसभा चुनाव में सौहार्द बिगाड़ने और देश को बांटने का आरोप लगाया। मक्कल नीधि मैयम (एमएनएम) के संस्थापक ने एक बयान में दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव जीतने के हताशा में जल्दबाजी में सीएए लागू किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव से ठीक पहले जनता को बांटने और भारत के सौहार्द को नष्ट करने की कोशिश कर रही है।

## चुनाव के बाद डीपफेक व गलत सूचनाओं के लिए लाया जाएगा कानून

**नई दिल्ली**

**पूरी** दुनिया के लिए सिरदर्द बनते जा रहे डीपफेक को नियंत्रित करने और इंटरनेट मीडिया पर गलत सूचनाओं पर रोक के लिए सरकार लोकसभा चुनाव के बाद अलग से कानून ला सकती है। पिछले छह महीनों से सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, प्रस्तावित डिजिटल इंडिया कानून में प्रविधान या फिर अलग से इन पर कानून लाया जा सकता है। हाल में सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों से इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि इंटरनेट मीडिया व अन्य प्लेटफार्मों पर डीपफेक और गलत सूचनाओं के प्रसारण को सरकार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार ने कहा था कि सभी डिजिटल प्लेटफार्म समाज व लोकतंत्र को नुकसान



पहुंचाने वाली भ्रामक व गलत सूचनाओं का प्रसारण रोकने के लिए टेक्नीकल बिजनेस प्रोसेस सोल्यूशन लाएं।

**पीएम मोदी ने डीपफेक से सतर्क रहने को कहा था**

हाल में मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव के दौरान डीपफेक से सतर्क रहने को कहा था। इस वर्ष भारत व अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में चुनाव होने हैं और वैश्विक जानकारों का मानना है कि डीपफेक व एआइ में चुनाव प्रभावित करने की पूरी क्षमता है। एआइ की मदद से आसानी से किसी भी प्रत्याशी के बारे में गलत सूचनाओं का प्रसारण किया जा सकता है।

**एआई से बनाए गए कंटेंट दुनिया को जोखिम में डाल सकते हैं**

पिछले सप्ताह सरकार ने इंटरनेट मीडिया व अन्य प्लेटफॉर्मों से अंडर ट्रायल एआई मॉडल से गैरकानूनी या गलत कंटेंट हटाने को कहा था। वर्ल्ड इकोनमिक फोरम ने भी चेतावनी दी है कि एआई की मदद से बनाए गए गलत कंटेंट दुनिया को जोखिम में डाल सकते हैं।

# 50 हजार हुई आबादी, कब बनेगा आरयूबी और एफओबी !

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** लोहगरा और मदरहा रेलवे स्टेशन के पास की 50 हजार की आबादी को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह सेहुंड़ा में मुख्य नहर की सड़क पर फाटक न होने से स्थानीय लोग दिक्कत उठाते आ रहे हैं। लोहगरा में आरयूबी, एफओबी आदि निर्माण की मांग सांसद रीता जोशी से उठाई गई है। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने समस्या से अवगत कराते हुए सांसद को बताया कि आरयूबी, एफओबी के अभाव में कभी-कभी मरीज घंटों फंसे रह जाते हैं।भाजपा नेता दिनेश तिवारी ने बताया कि हजारों की आबादी के आवागमन के लिए लोहगरा एवं मदरहा स्टेशन के पास आरओबी एवं सेहुंड़ा में मुख्य नहर की सड़क पर फाटक न होने की वजह से काफी समस्या हो रही है। किसानों, विद्यार्थियों, मजदूरों एवं महिलाओं को रोजाना इस समस्या से दो-चार होना पड़ता है। तिवारी ने बताया कि यदि कोई गंभीर बीमारी या दुर्घटना की चपेट में आजा ता है तो एंबुलेंस नहीं पहुँच पाती हैं। विगत माह में चंद्रा गांव के खेत में आग लग गई, रास्ता न होने के कारण जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती, 25 बीघा की फसल जलकर राख हो गई। सेहुंड़ा में मुख्य नहर मार्ग पर पहले फाटक बने थे, जो किन्ही कारणों से बंद कर दिए गए। रेलवे ट्रैक पार करते समय आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोहगरा रेल स्टेशन के पास रेलवे लाइन से हजारों स्कूली बच्चे व महिलाएं एवं नागरिक प्रतिदिन आवागमन करते हैं। अक्सर मालगाड़ी लाइन पर खड़ी रहती है, जिससे हजारों लोग गाड़ी के नीचे से पार करते हैं। यही नहीं गाड़ी रवाना करते समय स्टेशन मास्टर को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। यहां पर आरओबी होना चाहिए, पुराना अंडरपास बना है, जिसमें एंबुलेंस आदि बड़े वाहन नहीं निकल पाते हैं। मदरहा स्टेशन के पास पीएचसी, पावर हाउस, तहसील बारा, कोतवाली बारा और बाजार होने के कारण हजारों लोगों का आवागमन हैं। जहां आरओबी की आवश्यकता है। ज्ञातव्य हो कि रेलवे विभाग ने रेल गाड़ियों की स्पीड लगभग 160 प्रति किलोमीटर की गति से गाड़ी चलाने का संकल्प लिया है, जिसके तहत सभी नितांत आवश्यकता के स्थल पर आरओबी, आरयूबी निर्माण का लक्ष्य रखा है। डा. रीता जोशी ने जनहित में क्षेत्रीय नागरिकों, किसानों, स्कूली बच्चों के आवागमन को देखते हुए मानिकपुर, झांसी व मुंबई रेल लाइन पर लोहगरा एवं मदरहा स्टेशन के पास आरयूबी एवं सेहुंड़ा में मुख्य नहर की सड़क पर फाटक और लोहगरा स्टेशन को हाई लेवल स्टेशन बनाने व एफओबी के लिए मंडल रेल जीएम एनसीआर प्रयागराज को निर्देशित कर पत्र लिखा है।

## बीएड द्वितीय वर्ष का पांच दिवसीय भारत स्काउट, गाइड शिविर का शुभारंभ

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में बीएड द्वितीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम में सम्मिलित पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने किया। प्रशिक्षक के देख रेख में अनिवार्य इंट्रोइक्ररी कोर्स ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। स्काउटिंग गाइडिंग के आधार भूत तत्व, स्काउटिंग गाइडिंग की उत्पत्ति और प्रसार, विभिन्न शाखाएं नियम प्रतिज्ञा, झंडा गीत आदि के साथ साथ विभिन्न प्रकार की तालियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने शिक्षा के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के बारे में जानकारी प्राप्त होना और समाज की समस्याओं में कैसे योगदान देना है उसके बारे में बताया जा सके इसलिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है प्रशिक्षण शिविर में सर्वप्रथम ध्वज शिष्टाचार के बारे में जानकारी दी गई जिसके बाद स्काउट गाइड का शिक्षण सत्र प्रारंभ कराया गया, जिसमें वर्दी इतिहास, शिविर नियम तथा प्राथमिक चिकित्सा और आयु के अनुसार वर्गीकरण के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष बीएड डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ नीरज श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज कुमार एवं बीएड द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# लूटी गई कार के साथ धरे गए लुटेरे, गांजा बरामद



**बारा।** यमुनानगर पुलिस ने लूट की एक घटना का खुलासा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के कब्जे से अलग-अलग गाड़ियों में एक क्विंटल से अधिक गांजा के साथ लूटी गई कार भी बरामद हुई है। पूछताछ केबाद सभी का चालान भेज दिया गया है।

डीसीपी यमुनापार ने बताया कि आरोपी कुशल केसरवानी, लवकुश केसरवानी, अभय सिंह और लवकुश पाल ने दो दिन पहले यमुनानगर के नारीबारी में बीच हाईवे पर फिल्मी स्टाइल में लूट को अंजाम दिया था। लुटेरों ने कार चालक को बंधक बनाकर कार लूटी थी। इस वारदात को अंजाम देने में तीन गाड़ियों का इस्तेमाल किया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। एसओजी व शंकरगढ़ थाने की संयुक्त टीम ने सटीक मुखबिरी के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा। इनके कब्जे से लूट में इस्तेमाल की गई तीनों गाड़ियों के अलावा लूटी गई कार भी बरामद हुई है। सभी गाड़ियों में एक क्विंटल गांजा बरामद हुआ है। शंकरगढ़ पुलिस ने बताया कि चारों गाड़ियों में गांजा भरा गया था। पुलिस के मुताबिक गाड़ियों से करीब एक कुंटल गांजा बरामद हुआ है, साथ ही बदमाशों के पास से असलहा और कारतूस भी मिले हैं। डीसीपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय का कहना है कि जो कार लूटी गई थी, उसमें भी गांजा बरामद हुआ है।

## लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**मऊआइमा।** मऊआइमा के तिलई घीनपुर निवासी अनुराग दूबे पुत्र ब्रह्मदेव दूबे के यहां सोमवार की रात को सक्रिय चोरों ने लाखों के सोने,चांदी के अभूषणों और डेढ लाख रुपए नगदी लगभग साढे पांच लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने अनुराग दूबे की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परन्तु किसी भी चोर को पकड़ पाने में मऊआइमा पुलिस अभी तक कामयाब नहीं हुई है।। आरोप है कि इसके पूर्व ढेढ दर्जन छोटी बडी चोरियों में से किसी भी का भी खुलासा आज तक नहीं हुआ है। चोरी की घटनाओं का खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी का लखपति दीदियों के साथ वर्चुअल संवाद



**सिरसा** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा मेजारोड़ में आत्म निर्भर नारीशक्ति संवाद कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाए के साथ संवाद स्थापित किया। पीएम मोदी लखपति दीदियों के साथ संवाद ग्रामीण आजीविका विकास परियोजना के तहत लखपति दीदियों के साथ वर्चुअल संवाद प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के अध्यक्षता में लाइव प्रसारण हुवा। इसमें चयनित समूहों की लखपति दीदियों ने हिस्सा लिया। पीएम के संवाद कार्यक्रम का साक्षि बनकर कामयाबी को लेकर पीएम की ओर सुझाये गए मार्ग को जानकर समूह की महिलाओं गदगद हो गयी। प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनकर महिलाओ में रोजगार करने की लालसा बढ़ी। प्रधानमंत्री महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में संगठित होकर सकारात्मक रास्ते पर चलते हुए अपने जीवन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित एवं काम करने के प्रति आह्वान किये हैं। समूह से जुड़कर स्वावलंबन कि इबारत लिखने वाली दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खण्ड परियोजना प्रबन्धक उरुवा विनय कान्त शुक्ला , आरपीआई उरुवा खुशबू , बैंक सखी सिरसा शिलोत्तमा, बैंक सखी रामनगर इंद्र कुमारी, ममता शुक्ला, आरती बंदना पटेल, मंजू, रागनी आदि बड़े संख्या में आजीविका स्वंय समूह की महिलाएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगम 970.29 लाख की लागत से 28 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास






**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उ0प्र0शासन द्वारा प्रदेश में नगर विकास विभाग की परियोजना की कुल 11000 करोड़ की लागत से 3419 कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से मंगलवार 12 मार्च 2024 को मीटिंग हॉल में किया गया। जिसमें नगर निगम प्रयागराज के द्वारा कराये गये कुल 28 कार्य (15वें वित्त तथा सीएमएनएसवाई) की लागत रू0-970.29 लाख शामिल है। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज के सांसद महोदया श्रीमती केसरी देवी पटेल, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, अमरीश बिन्द, पार्षदगण नीरज गुप्ता, शिवसेवक सिंह, आशीष द्विवेदी, कमलेश तिवारी, उमेश मिश्रा, भोला तिवारी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, संजय कटियार, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, समस्त अवर अभियन्ता, अवर अभियन्ता/नाजिर राम सकसेना तथा अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### गीत संगीत प्रतियोगिता में एसबीएसएन के छात्र रहे अव्वल

**जेपी सुपर मार्केट पकरी सेवर में आयोजित दो दिवसीय तहसील स्तरीय गीत संगीत कार्यक्रम का हुआ समापन**



**मेजा।** मेजा के पकरी सेवार में आयोजित दो दिवसीय गीत संगीत प्रतियोगिता में एसबीएसएन विद्यालय खानपुर के चारों ने बाजी मारी, दूसरे स्थान पर डी कुमार कॉन्वेंट स्कूल डोरवा और गंगोत्री पब्लिक स्कूल रामनगर के बच्चों ने तीसरा स्थान पाकर संतोष किया।विजेता टीम को मेडल, प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम में क्षेत्र के कई स्कूलों व व्यक्तिगत तौर पर कलाकारों ने गायन व नृत्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के संयोजक पत्रकार जय प्रकाश दुबे रहे। पत्रकार कैलाश विश्वकर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय गायन कलाकारों में प्रशांत प्रियदर्शी, संजय शर्मा, सचिन पांडेय और राजू प्रजापति सहित अन्य क्षेत्रीय कलाकारों ने अपना हुनर दिखाया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, लोको पायलट माधव प्रसाद शुक्ला, सुशील तिवारी, पंकज तिवारी, विंध्यवासिनी प्रसाद तिवारी, विवेक द्विवेदी, प्रतीक द्विवेदी उपस्थित रहे।

### जनसभा आयोजित कर किसान मोर्चा ने ग्राम परिक्रमा यात्रा का किया समापन



**सहसों।** भाजपा किसान मोर्चा गंगापार ने जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत उपाध्याय की अगुवाई में 12 फरवरी से शुरू ग्राम परिक्रमा यात्रा का समापन हेत्तापट्टी में सुभद्रा देवी महाविद्यालय के बगिया में जन सभा आयोजित कर किया गया। जन सभा के मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने सभा में मौजूद किसानों एवं कार्यकताओं के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए केन्द्र एवम प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताते हुए जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने किसानों एवम् कार्यकताओं को ग्राम परिक्रमा यात्रा को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लगातार किसानों से संवाद बनाए रखने का निवेदन किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक जिला उपाध्यक्ष धरणीधर त्रिपाठी एवं सह संयोजक जिला महामंत्री ओम प्रकाश गिरी ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, काशी दुबे, राजेन्द्र शुक्ल, शम्भू नाथ पटेल, गुड़िया सिंह, उपेन्द्र, अजीत, मनोज तिवारी, सूरज शुक्ल, नरेन्द्र सिंह सहित आदि कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।

### हमारा आंगन हमारे बच्चें कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**मऊआइमा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र मऊ आइमा में खण्ड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वोच्च गुणांक एंव उपस्थिति के आधार पर विकास खण्ड के न्याय पंचायत के ग्यारह ,विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत प्रत्येक न्याय पंचायत के दो निपुण विद्यार्थी बालवाटिका तीन , विद्यार्थी कक्षा एक से तीन तक कुल 55 विद्यार्थियों को शिक्षण किट, आंगनवाडी कार्यकत्री चंद्रावती और आशा तथा चार नोडल शिक्षक संकुल फुलेश्वर यादव, रामजी तिवारी नीरज तिवारी , लालजी यादव को अंग वस्त्रम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीएलएम स्टाल ग्यारह में से न्याय पंचायत राम नगर गंसीयारी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वालवटिका एवं चहक प्रोग्राम को फ्लैगशिप कार्यक्रमों में सामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एआरपी लाल चंद्र बर्मा व व्यवस्थापक लाल बहादुर यादव, गेंदी सिंह, राजेश वर्मा, दिनेश कुमार पटेल अजीत कुमार, यासिर इकबाल ने किया। इस मौके पर बीडीओ उमेश सिंह,विनय यादव, रुद्रेश, प्रदीप , जगत लाल, भारत, मनीष, जय लक्ष्मी, रेखा सिंह, सुनील सारोज,रवि कांत शुक्ला आदि शिक्षकगण मौजूद थे।

### नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव गुरुवार से

**सहसों।** नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव में संगीतमय श्री रघुनाथ गाथा का आयोजन क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में प्रारंभ होने जा रही है। जिसमें रामायणी कुटी चित्रकूट धाम से पधारे कथा व्यास श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जिज्ञासु जी महाराज के अमृतमयी वाणी से भक्त श्रोताओं को 14 मार्च गुरुवार से प्रारंभ होकर 22 मार्च शुक्रवार तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायंकाल 7 बजे तक आनंदमयी राम कथा का श्रवण कराया जाएगा। तत्पश्चात 23 मार्च शनिवार को पूणार्हुति, हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी आयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रभान सिंह ने दिया है।

# न्यू ऊंचडीह स्टेशन का पीएम द्वारा किए गए वर्चुअली लोकार्पण का लोगों ने देखा सीधा प्रसारण

**जेनिथ चिल्ड्रेन एकेडमी दिघिया के बच्चों ने आयोजन में दी प्रस्तुति**

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग स्थित मांडा ऊंचडीह स्टेशन के मध्य न्यू ऊंचडीह स्टेशन का सुबह 9 बजे गुजरात के अहमदाबाद से वर्चुअली लोकार्पण किया गया।जिसे रेलवे अधिकारियों द्वारा की गई व्यवस्था में उपस्थित स्थानीय जनता ने सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कुशल संचालन कर रहे जेनिथ स्कूल के शिक्षक यूके उपाध्याय द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम मिश्रा, विशिष्ट अतिथि चंद्रमणि द्विवेदी, राकेश उपाध्याय प्रबंधक, मोतीलाल यादव जिला पंचायत सदस्य रहे। रेलवे के अधिकारी जीजीएम ललित अनेजा ने अतिथिगणों का अंगवस्त्रम से स्वागत किया। एसके गुप्ता उप परियोजना प्रबंधक रेलवे द्वारा जेनिथ चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय के छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक परियोजना प्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यू ऊंचडीह रेलवे स्टेशन बन जाने से मालगाड़ियों का संचालन और बेहतर होगा। दीपक यादव कनिष्ठ परियोजना प्रबंधक द्वारा आए हुए समस्त गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कमलाकांत उपाध्याय, विपिन पांडेय, दयाल शुक्ला, पप्पू पांडेय ,राजेश दुबे, सुब्बा लाल प्रजापति, संतोष तिवारी, बोली यादव, अमरचंद यादव सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा अयोध्या राम मंदिर के लिए निकली शोभायात्रा

**राम भक्तो ने किया दर्शन**

**अखंड भारत संदेश**




**जारी।** विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा गुजरात के अहमदाबाद से 7 मार्च को आयोध्या के लिए रवाना हुआ। बताया जाता है कि इस नगाड़ा को डबगर समाज के लोगो द्वारा इसे बनाया गया है। मंगलवार को मध्यप्रदेश के रीवा से नगाड़ा शोभायात्रा में सैकड़ो राम भक्त व वाहनों की कतार के साथ चाकघाट ,नारी बारी, जारी कस्बा समेत अन्य जगह राम भक्त एकत्रित होकर पुष्प वर्षा करके श्री राम के जयकारों के साथ पूजा ,अर्चना करके नगाड़ा शोभायात्रा का दर्शन किया और दिए जा रहे प्रसाद को ग्रहण किया। काफी संख्या में एकत्रित महिलाओं एवं बुर्जगों ने नगाड़ा शोभायात्रा को देखकर उत्सुक दिखे।इस दौरान लाल मणि तिवारी ,बीरेंद्र जी जायसवाल, सुबोध साहू, शिवबाबू अग्रहरी, राकेश अग्रहरी राजेश गुप्ता, बबलू वर्मा, शिवराम अग्रहरी, बबलू जितेन्द्र केसरवानी,रंजीत गुप्ता, अशोक केशरवानी, अनय केसरवानी, रोहन केसरवानी, विपिन केसरवानी, डब्लू, फूलचन्द गुप्ता समेत अन्य सैकडो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# हज्जी टोला में चुपके से बनवाया जा रहा अवैध मदरसा

**विहिप ने की शिकायत,एसडीएम और एसीपी बारा ने किया मौका मुआयना, शंकरगढ़ पहुंचीं डीसीपी ने भी लिया मामले का संज्ञान**



**बारा।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड संख्या दस में इन दिनों एक इमारत आकार ले रही थी। शुरूआत में लोगों को कुछ पता नहीं चला। कुछ समय के उपरांत विहिप ने शंकरगढ़ थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वार्ड संख्या दस, हज्जी टोला में एक अवैध मदरसे का निर्माण करवाया जा रहा है, उसका न तो कोई पंजीकरण है और न ही कोई अन्य दस्तावेज। फंडिंग के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। विश्व हिंदू परिषद यमुनापार द्वारा राजस्व टीम बारा एवं थाना शंकरगढ़ में एक आवेदन दिया गया। जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम बारा और एसीपी बारा संतलाल सरोज ने स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक का?वाही के लिए निर्देशित किया। विहिप का आरोप है कि किसी दान की जमीन पर मदरसे का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसकी एनओसी नहीं ली गई है। प्रदेश सरकर या फिर मदरसा बोर्ड से कोई पंजीकरण नहीं है। प्रदेश सरकार द्वारा अवैध मदरसों के खिलाफ कार्यवाही की रही है। उसी की आड़ में धीरे से इस मदरसे का निर्माण करवाया जा रहा है। इसकी जानकारी न तो तहसील प्रशासन को है और न ही पुलिस को है।विश्व हिंदू परिषद की शिकायत पर एसडीएम बारा और एसीपी बारा संतलाल सरोज ने मौका मुआयना किया। वहीं बार्डर समेत थाने का निरीक्षण करने पहुंची अपर आयुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# खेल प्रतियोगिता से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक विकास : प्रो. राजीव मालवीय

**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन दिवस पर मंगलवार को प्राचार्य प्रोफेसर राजीव मालवीय एवं खेल संयोजक डॉ बृजेश कुमार यादव ने ओवर आल चैंपियन के रूप छात्रों में संदीप कुमार यादव, दिव्यम यादव और छात्राओं में नेहा यादव, सुरेखा यादव को पुरस्कृत किया। खेल प्रतियोगिता समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर राजीव मालवीय ने खेलकूद प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आगे भी करते रहें, जीत हार जीवन का हिस्सा हैं दोनों स्वीकार करते हुए हमें निरंतर प्रगतिशील रहना चाहिए। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य ने क्रीड़ा अधीक्षक डॉ बृजेश यादव एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों व गैर शिक्षक वर्ग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दिया। संबोधन में कहा कि शैक्षणिक व सांस्कृतिक क्षेत्र की भांति खेल के क्षेत्र में भी महाविद्यालय की उपलब्धियां शानदार है और हमारे होनहार खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करें यही आशीर्वाद है उन्होंने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी के कंधों पर देश की बागड़ोर हैं। खेलों का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र ने किया इस अवसर पर प्रोफेसर प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ नीरज, डॉ विनोद कुमार पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, डॉ ओमप्रकाश मिश्र, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, डॉ अरविंद कुमार राय, डॉ प्रमोद कुमार पांडेय, डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र यादव, ममता यादव, कुलदीप सोनी, विकास यादव, सुनील कुमार अंबरीष शर्मा, दुर्गेश कुमार यादव, सुनील कुमार कनौजिया, राम प्रसाद यादव, डॉ पवन कुमार पांडेय, अरविंद सिंह, आयुषी मौर्या, अश्विनी कुमार मिश्र, नीरज कुमार, डॉ संजय पाठक, डॉ छविनाथ उपाध्याय, डॉ चंद्रशेखर पांडेय, डॉ रत्नेश शुक्ल, डॉ पवन दुबे, डॉ दिनेश मिश्र, डॉ रत्नेश शुक्ल, डॉ नवनीत मिश्र, डॉ बलराम यादव, एवं कार्यालय अधीक्षक करूणेश त्रिपाठी, रमाकांत दुबे पुस्तकालय लिपिक, आशुलिपिक ज्ञानप्रकाश ओझा, वरिष्ठ लिपिक कृष्णराज शुक्ला, भूगोल प्रयोगशाला सहायक अनुज त्रिपाठी, मनोविज्ञान प्रयोगशाला सहायक हर्षवर्धन सिंह, वीरेंद्र यादव, लालचंद्र, मनोज पांडेय, राकेश तिवारी, विनय दुबे, रमेश तिवारी विनय गौड़, मातासेवक धर्मराज, कृष्ण कुमार, राजकुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रयागराज स्टेशन तक हुआ विस्तार






अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 85 हजार करोड़ से अधिक की रेल परियोजनाओं का शिलान्यस/लोकार्पण किया गया। इसके अंतर्गत उनके द्वारा 10 नई वन्दे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ तथा 04 विस्तारित वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ भी किया गया। इसी क्रम में गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रयागराज स्टेशन तक विस्तार के अवसर पर प्रयागराज स्टेशन पर भव्य समारोह का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी) औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा वन्दे भारत थीम पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को गणमान्य उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी), केसरी देवी पटेल सांसद/फूलपुर, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मंत्री, श्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि वर्तमान सरकार के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पद पर बढ़ रहा है चाहे रेलवे हो रोडवेज हो या आधारभूत संरचना के कारण निरंतर हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है और

## प्रयागराज स्टेशन पर संस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हमें एक विकसित देश बनने की ओर निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। सांसद, फूलपुर केसरी देवी पटेल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं उनके नेतृत्व में रेलवे में निरंतर विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया की सोच का एक अप्रतिम नमूना वंदे भारत एक्सप्रेस (गोरखपुर-प्रयागराज) आज हमारे प्रयागराज को भी मिल गई है।

उन्होंने कहा कि अब प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या जाने के लिए हमारे पास अपनी वंदे भारत भी हो गई है उसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने वंदे भारत की सौगात के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस एक उच्च तकनीक से युक्त ट्रेन है जिससे कि हम कम समय में अपनी यात्रा पूरी करते हैं उन्होंने सभी से इस सुविधा का लाभ लेने के लिए कहा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, हिमांशु शेखर उपाध्याय ने सम्बंधित योजनाओं के विषय में विस्तार से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह गाड़ी ना केवल राष्ट्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जोड़ेगी बल्कि यह औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी तेज गति देने का काम करेगी। स्थानीय कार्यक्रम के अंतर्गत उद्घाटन विशेष वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तिलक लगाकर पुष्पवर्षा की गई तथा उपस्थित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ों के साथ ट्रेन को लखनऊ के लिए रवाना किया गया। ज्ञात हो कि ट्रेन का नियमित संचालन दिनांक 14.03.2024 से होगा। यह ट्रेन शनिवार को छोड़कर छोड़ ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। प्रयागराज से गाड़ी सं. 22550 दोपहर 03.15 बजे प्रारंभ होगी तथा रात 10.40 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह गोरखपुर से गाड़ी सं. 22549 सुबह 6.05 बजे चलकर दोपहर 1.35 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच जाएगी। इस ट्रेन का ठहराव रायबरेली, लखनऊ, अयोध्या धाम तथा बस्ती में होगा।

उद्घाटन विशेष गाड़ी में बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे, मीडिया कर्मी, सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर तथा अधिकारी एवं कर्मचारी सवार होकर लखनऊ गएकइस नई वन्दे भारत एक्सप्रेस में यात्रा हेतु सभी बहुत उत्साहित दिखेक इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए मोदी जी को धन्यवाद दिया और कहा कि इस ट्रेन में सफर करने का अनुभव अद्वितीय हैक कार्यक्रम के दौरान ही अन्य परियोजनाओं जिनमे 05 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, सूबेदारगंज में नवनिर्मित पिट लाइन तथा प्रयागराज डीडीयू के मध्य तीसरी लाइन का राष्ट्र को समर्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री रविन्द्र गोयल, मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी, हिमांशु शेखर उपाध्याय सहित प्रधान कार्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष और मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास मिशन पर मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यशाला आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित लघु शोध परियोजना प्राइम मिनिस्टर हाउसिंग फॉर ऑल मिशनः ए स्टडी ऑफ परफॉर्मेंस एंड इंपैक्ट ऑन बेनिफिसियरीज इन सैलेक्टेड सिटीज इन उत्तर प्रदेश विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 13 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 10:00 बजे सुनिश्चित किया गया है। कार्यशाला के संयोजक डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर रिपू सूदन सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ होंगे तथा अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह करेंगी। कार्यशाला का समापन अपराह्न 3:00 बजे होगा। जिसके मुख्य वक्ता प्रोफेसर मधुरेन्द्र कुमार, दीनदयाल उपाध्याय पीठ, इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज होंगे तथा अध्यक्षता प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज करेंगे। आयोजन सचिव डॉ त्रिविक्रम तिवारी ने सभी छात्रों से उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहने की अपील की है।

## रामलला के दर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे अयोध्या धाम

**प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण कार्यकताओं में हुआ रोष**

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व श्री राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन यात्रा के अंतर्गत प्रयागराज से हजारों कार्यकर्ता रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या पहुंचे कार्यक्रम के संयोजक नवीन शुक्ला ने बताया कि प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण सैकड़ों कार्यकर्ताअयोध्या धाम नहीं जा पाए जिसको लेकर कार्यकताओं में भारी आक्रोश रहा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि 110 बस 155 निजी वाहनों के साथ 58 42 कार्यकर्ता रजिस्ट्रेशन के साथ पहुंचे और जय श्री राम का नारा लगाते हैं रामलला का दर्शन किया कार्यकताओं के साथ महापौर गणेश केसरवानी भी प्रयागराज के पार्षदों के साथ राम लला के दरबार पहुंचकर मत्था टेका इस अवसर हजारों की संख्या में महिला कार्यकर्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष सीखा रस्तोगी के नेतृत्व में अयोध्या पहुंची इस अवसर कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, रूपेश बबलू , प्रयागराज महानगर की सभी मंडल के कार्यकर्ता रहे।

# महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सर्वप्रथम उ०प्र० जल निगम (नगरीय) द्वारा अलोपीबाग इण्टरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन से ममफोर्डगंज सीवेज पम्पिंग स्टेशन तक सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी ट्रेंच की चौड़ाई मानक के अनुरूप कम पाई गई। साइट पर सम्बन्धित अभियन्ता भी अनुपस्थित थे जिससे यह प्रतीत होता है की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों द्वारा निरंतर अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है। तत्पश्चात उन्होंने प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया जिसके अंतर्गत लोट्स हॉस्पिटल से कटका रोड़ तक, ओल्ड यमुना ब्रिज क्रॉस करते ही बाएं तरफ महेवा की ओर जाने वाली रोड तथा ओल्ड यमुना ब्रिज (नैनी साइड) महेवा की ओर जाने वाली रोड की दूसरी तरफ लैप्रोसी चौराहा की ओर के मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढीकरण एवं सौंदरीकरण के कार्यों को देखा। लोट्स हॉस्पिटल से कटका रोड एवं ओल्ड यमुना ब्रिज(नैनी साइड) के कार्यों के निरीक्षण के दौरान जल निकासी हेतु बनायी जा रही ड्रेन की कंक्रीट की गुणवत्ता असंतोषजनक पायी गयी।ओल्ड यमुना ब्रिज से लेप्रोसी चौराहा तक के मार्ग के कार्यों में बिना यूटीलिटी शिफिटिंग (मार्ग में बिजली के पोलो) ही जी०एस०बी० बिछाने का कार्य कर दिया गया है, जो मानक के अनुरूप नहीं है।निर्माण कार्यों में शिथिलता एवं लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अवर अभियन्ता के विरूद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करते हुए उसकी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश मुख्य अभियंता विकास प्राधिकरण को दिए गए। इसी क्रम में मण्डलायुक्त ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा हेता पट्टी में बनाए जा रहे 132 केवी उपखंड की सिक्योरिटी वॉल के कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निमार्णाधिन वाल के कालम और बीम की वर्टिकल एवं होरिजेंटल एलाइनमेंट में कमियां पाई गई। इसके अतिरिक्त प्लास्टर की थिकनेस भी ज्यादा पाई गई जो की मानक के अनुरूप नहीं थी। उपस्थित अधिशासी अभियंता को फटकार लगाते हुए उन्होंने थर्ड पार्टी से इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मण्डलायुक्त ने बाढ़ कार्य खंड द्वारा किला घाट के समीप बनाए जा रहे स्थाई घाट के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा सभी कार्यों को पर्ट के अनुसार, गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन नाला तोड़ने का दिया आदेश

## झूंसी नाला निर्माण में अनिमियत्ता की शिकायत पर जांच करने पहुंचे थे मंडलायुक्त

**झूंसी।** कुंभ मेले के तहत बन रहे नाले में गड़बड़ी मिलने पर मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने पीडीए के अफसरो व ठेकेदार को फटकार लगाते हुए निमार्णाधीन नाले को तोड़ने का आदेश दिया और कहा कि कार्यदाई संस्था को हटाकर दूसरे से काम कराया जाय। कुंभ मेले के तहत पीडीए द्वारा नई झूंसी से पुरानी झूंसी जाने वाले मार्ग पर करोड़ों की लागत से नाला निर्माण व सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन पीडीए के अधिकारियों व ठेकेदार की मिलीभगत से मानक को ताक पर रख कर कार्य कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगो ने कई बार पीडीए के अधिकारियों व कुम्भ मेला अधिकारी, कमिश्नर प्रयागराज से की कुछ दिन पहले पीडीए के अधिशासी अधिकारी एके सक्सेना मौके पर आए और खानापूर्ति कर लौट गए।



सोमवार को प्रयागराज कमिश्नर विजय विश्वास पंत कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे निर्माण कार्य मे खामियां मिलने पीडीए के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जहां भी गड़बड़ी है सभी जगह नाले को तोड़ कर बनाया जाय।

# प्रयागराज के 31 श्रमिक जाएंगे इजराइल

अखंड भारत संदेश



युद्ध के चलते वहां की इमारतों को हुआ था नुकसान

**प्रयागराज।** इजराइल और आतंकी संगठन हमास के बीच हुए संघर्षों के दौरान इजराइल में काफी नुकसान हुआ। वहां की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यही कारण है कि भारत से भी श्रमिकों की मांग की गई थी। पूरे यूपी में 10 हजार श्रमिकों को इजराइल भेजने की योजना है।प्रयागराज के 31 श्रमिक भी इजराइल जा सकते हैं। एजेंसी की ओर से इसके लिए सहमति भी दे दी गई है। पिछले दिनों लखनऊ में हुए दो इंटरव्यू में इन 31 लोगों के नाम फाइनल किए गए हैं। उप श्रमायुक्त राजेश मिश्र ने बताया कि प्रयागराज से पहली और दूसरी लिस्ट में 31 श्रमिकों के नाम फाइनल हुए हैं। इसकी सूची लखनऊ से भेजी गई है।

**मेडिकल टेस्ट, पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी :** जिन श्रमिकों को इजराइल भेजा जाना है उनकी पूरी जांच-पड़ताल की जाएगी। पहले पुलिस वेरिफिकेशन होना है जिसमें यह पता लगाया जाएगा कि उसके खिलाफ कोई एफआईआर आदि तो नहीं है। इसके साथ ही मेडिकल टेस्ट भी कराया जा रहा है।पहली सूची के सात श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट भी सीएमओ के मेडिकल बोर्ड से हो चुका है। इसके अलावा अभी इनके पासपोर्ट आदि भी बनवाए जाएंगे।

**1.40 लाख रुपये प्रतिमाह मिलेगी मजदूरी :** भारत से जो श्रमिक इजराइल जाएंगे उनकी प्रतिमाह 1.40 लाख रुपए मजदूरी मिलेगी। जिन श्रमिकों को चयन किया जा रहा है उनकी उम्र 21 से 45 वर्ष के बीच होना अनिवार्य किया गया है। इन्हें वहां पर टाइल्स लगाने, पत्थर बिछाने व लोहे की वेल्डिंग जैसे कार्य करने होंगे।

# कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी मंगलवार को आरके कॉलेज आफ फामेर्सी में विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केंद्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के द्वारा केंद्र सरकार की योजना नेशनल कैरियर सर्विस के अंतर्गत एक कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में अपने जीवन में सफलता कैसे पाएं एवं छात्र जीवन को कैसे बेहतर बनाएं के संबंध में डॉ. सुग्रीव सिंह (काउंसलर, माडल कैरियर सेंटर इलाहाबाद विश्वविद्यालय) प्रयागराज एवं डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, मोटिवेशनल स्पीकर(कैरियर गाइडेंस सेल इलाहाबाद विश्वविद्यालय) द्वारा मार्गदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे संस्थान के प्रबंध निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी एवं प्राचार्य डॉ. सी. एस. सिंह के आलावा सैकड़ों की संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमपी-एमएलए के फैसले के खिलाफ धनंजय सिंह पहुंचे हाईकोर्ट

**पूर्व सांसद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सजा रद्द करने की मांग की**

**प्रयागराज।** बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की ओर से मंगलवार को हाईकोर्ट अपील दाखिल कर दी गई। जौनपुर एमपी एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व सांसद ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर गुहार लगाई है। धनंजय सिंह की तरफ से दाखिल की गई क्रिमिनल अपील में सात साल की सजा को रद्द करने और जमानत पर रिहाई करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट धनंजय सिंह की अपील पर मामले की सुनवाई अगले सप्ताह कर सकता है। जौनपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण व रंगदारी मांगने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 7 साल की सजा सुनाई है।करीब चार साल पहले नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और गाली-गलौज कर धमकाने के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह के खिलाफ दर्ज हुआ था। इस मामले में जौनपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने धनंजय सिंह को 7 साल की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट शरद त्रिपाठी ने धनंजय सिंह के साथ संतोष विक्रम को भी दोषी करार दिया।



## हाईकोर्ट समाचार

## लिव इन में रह रही विहवाहिता को सुरक्षा नहीं

**हाईकोर्ट ने कहा ऐसे रिश्तों को मान्यता देने से समाज में अराजकता बढ़ेगी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रही विवाहिता की याचिका खारिज कर दी। विवाहिता ने सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकार्ट से गुहार लगाई थी। कोर्ट ने खारिज करते हुए कहा कि विवाहित महिला बगैर तलाक के लिव इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकती। ऐसे में सुरक्षा भी नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि कोर्ट अगर ऐसे रिश्तों को मान्यता देगा तो समाज में अराजकता बढ़ने लगेगी जो ठीक नहीं है। कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि ऐसे रिश्तों को समर्थन देने से समाज का ताना बाना नष्ट हो जाएगा। कासगंज की रहने वाली विवाहिता पूजा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने याचिकाएं खारिज करने का मजबूत आधार माना। जस्टिस रेनू अग्रवाल की सिंगल बेंच ने याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया। पूजा व उसके लिव इन पार्टनर की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी कि उन्हें सुरक्षा मुहैया कराया जाए। दोनो ने अपने ही परिवार से खतरा जताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पता चला कि याची और उसके लिव इन पार्टनर पहले से शादीशुदा हैं। यह भी कोर्ट को बताया गया कि विवाहिता याची का अपने पहले पति से अभी तलाक भी नहीं हुआ है। हाईकोर्ट ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद याची को सुरक्षा देने से इंकार कर दिया। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि 15 दिनों के अंदर जुमार्ने की राशि को हाईकोर्ट के मिडिएशन सेंटर में जमा कराया जाए। जस्टिस रेनू अग्रवाल की सिंगल बेंच ने याचिका पर की सुनवाई।

# मेजा ऊर्जा निगम ने मेजा जंक्शन केबिन स्टेशन पर किया पखवाड़े का आयोजन

## देश के विकास को आगे बढ़ाने में ऊर्जा एवं रेलवे क्षेत्रों की भूमिका अहम : कमलेश सोनी

अखंड भारत संदेश







**मेजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के महत्वपूर्ण अवसर पर मेजा ऊर्जा निगम ने अपने जंक्शन केबिन स्टेशन पर पखवाड़े का आयोजन किया।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद, गुजरात में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर से 1,06,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमे मेजा ऊर्जा निगम अहमदाबाद के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से सीधे प्रसारण के माध्यम से जुड़ा। मेजा ऊर्जा निगम के सीईओ कमलेश सोनी, जीएम (ओ एंड एम) अजीत बसक और जीएम (एफएम और रखरखाव) जीपी सिंह के साथ, एमयूएनपीएल के अन्य अधिकरी-गण भी मौजूद रहे। इसके साथ ही इस अवसर पर एमयूएनपीएल की एमजीआर टीम ने आसपास के गावों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर द्वारा विकसित भारत की दिशा में अहम योगदान के बारे मे जागरूकता बढ़ाई और आसपास के गांवों में पखवाड़े का आयोजन भी किया। पखवाड़े में स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने सक्रिय रूप से भागीदारी दिखाई। एमयूएन पीएल के सीईओ कमलेश सोनी ने भारत सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा यह अवसर हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। डीएफसी के प्रत्यक्ष लाभार्थी होते हुए मेजा ऊर्जा निगम भी विकसित भारत के निर्माण में एक अहम भूमिका निभा रहा है और कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ हम आगे और तेज गति से इस दिशा में अपना योगदान देंगे। उन्होंने देश के विकास को आगे बढ़ाने में ऊर्जा और रेलवे क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी दशार्या। कमलेश सोनी ने यह भी कहा कि डीएफसी के एकीकरण से खनन स्टेशनों और एमयूएनपीएल के बीच कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है, जिससे हमारे संचालन अधिक दक्षता के साथ सुव्यवस्थित हो गए हैं।

# लोकसभा सीट से नैनी की मीना जायसवाल प्रयागराज की प्रत्याशी हुईं घोषित

**नैनी।** नैनी अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा इकाई उत्तर प्रदेश की 10 मार्च को गोरखपुर में आयोजित बैठक में प्रयागराज लोकसभा सीट से नैनी की मीना जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया गया। इनके अलावा गोरखपुर से रामरती जायसवाल और महराजगंज से पुष्पा जायसवाल के नाम की घोषणा किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव पूरन चंद झरीवाल (जयपुर) ने प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चंद जायसवाल के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि सभा की राष्ट्रीय इकाई हर कदम पर उनके साथ है। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष की पहल पर पूरे भारत में महासभा की ओर से चुनाव लड़ाने पर विचार किया जाएगा। संगठन के लोगों को प्रत्याशी बनाने का निर्णय ऐतिहासिक फैसला है जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचंद जायसवाल ने कहा कि शीघ्र ही कुछ महत्वपूर्ण सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। उत्तर प्रदेश मे वैश्य बाहुल्य 17 सीटों पर चुनाव लड़कर अपना हक लेंगे। सम्मेलन में प्रयागराज से तमाम पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## गोरखपुर में अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा के तीन प्रत्याशी हुए घोषित



# चुनाव पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में करें मतदानः सांसद

### साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुए सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि चुनाव का पर्व है और यह पर्व हमारे देश का गर्व है। हम सब को मिलकर इस गर्व के पर्व को गौरवशाली बनाना है। अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर विकास के पक्ष में मतदान करना है।



मां सरस्वती के चित्र पर दीपदान करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

उन्होंने हका कि आप अपना मत किसी को भी दे लेकिन उम्मीदवार आपकी आकांक्षाओं को आपके लिए, आपके क्षेत्र के लिए और आपके समाज के लिए हर क्षण जागृत रहना चाहिए। एक राष्ट्र, सर्वक्षेष्ठ राष्ट्र की कल्पना तभी मूर्त रूप लेगी। जो हमारी बहने, हमारी बेटियाँ अभी तक मतदाता नही बनी है वे मतदाता बने और स्वयं तथा अपने परिवारीजनों को मतदान के लिए प्रेरित करे।

मतदान आप का अधिकार है जिसके द्वारा आप अपना प्रतिनिधि चुन सकते है और जो आपके महत्व को न पहचाने उसे आप नकार सकते है। आप उस सरकार को चुने जो प्रकृति की भांति राष्ट्र के अवसर को समानता से उपलब्ध कराये और सबका विकास, राष्ट्र के विकास के साथ सुनिश्चित करे। देश बदल रहा है, सोच बदल रही है, ऐसे में अपना जनपद भी नये कलेवर में विकास के पथ पर बढना चाहिए। जब देश बढेग़ा, समाज बढ़ेगा और तभी हम सब विकसित हो सकेगें। कार्यक्रम में सांसद को अंग-वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओ कु0 नेहा, कु0 शिखा पाण्डेय, कौशिकी पाण्डेय, कु0 जयति शुक्ला, कु0 नेहा सिंह एवं कु0 शिखा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रमाधिकारी अज़मत अंसारी, राहुल मिश्रा एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

## बूथ स्तर पर जुट जाएं कार्यकर्ताः प्रभारी लोकसभा

**अखंड भारत संदेश**



भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते अतिथि।

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय टेऊँगा में लोकसभा 39 प्रतापगढ़ के 248 सदर विधानसभा के नगर मण्डल अंतू मण्डल सदर मंडल कोहंडौर मंडल की बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी विधानसभा संचालन टोली और मोर्चो के मंडल अध्यक्ष व महामंत्री के साथ आयोजित बैठक में लोकसभा प्रभारी सुशील उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव जीतने का महामंत्र बताते हुए बूथ स्तर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगे की रचना पर और कार्य करने के योजना बनाने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक जिला मंत्री राम आसरे पाल, चुनाव प्रबंधन के अनुराग मिश्रा, महिला मोर्चा की प्रवक्ता सारिका श्रीवास्तव, गजराज सिंह, मंडल महामंत्री मंडल अध्यक्ष महावीर पाल अजय मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिव विलास, आलोक गर्ग, विक्रम सिंह, विद्या सागर शुक्ला, पवन वर्मा, प्रेम नारायण शुक्ला, दिनेश प्रताप सिंह उर्फ दिन्नू, संजय सिंह, घनश्याम, विकास शर्मा सिंह, दीपेश श्रीवास्तव इत्यादि रहे। चुनाव संचालन समिति के कार्य समिति कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा का नवाबगंज चौराहे पर हुआ स्वागत

### भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पूर्व डिप्टी सी एम दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे मंगलवार को बाई रोड लखनऊ से कौशाम्बी जाते हुए परियावां नवाबगंज चैराहे पर भाजपा समर्थको ने काफिला रोककर उनका फूल मालाओ से भव्य स्वागत किया।

स्वागत से गदगद हुए पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने भाजपा समर्थको से चुनावी चर्चा करते हुए कुशल क्षेम पूछा और कौशाम्बी मे भाजपा आयोजित कोहार्ट मिलन कार्यक्रम के लिए रवाना हुए जंहा कौशाम्बी कड़े मे मां शीतला देबी के दरबार मे माथा टेकने के बाद कार्य स्थल काशीराम गेस्ट हाउस ओसा कौशाम्बी के लिए रवाना हो गये जंहा भारी संख्या मे भाजपा कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने अपने कार्यकर्ताओ ने जोरदार स्वागत किया। इसमे नवाबगंज चैराहे पर स्वागत करने वालो सांसद मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शुभम सोनकर मुखिया, मोहित मिश्रा कुसुवापुर मंडल अध्यक्ष, संतोष सोनकर सांसद के बड़े भाई, राजन मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, संतोष तिवारी, प्रदीप गुप्ता, सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू में आयोजित हुआ किसान मेला, 300 किसानों ने किया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़ जनपद के किसानों को प्राकृतिक खेती करने पर विशेष जोर देते हुए मंगलवार को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती पर कृषि विज्ञान केंद्र ऐंठू अवधेशपुरम कालाक़ांकर मे किसान मेला का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 से अधिक किसानो ने भाग लिया।



किसान मेले में किसानों को जानकारी देते अतिथि।

केन्द्र के प्राचार्य डा0 ए0 के0 श्रीवास्तव ने किसानों को जीरो बजट खेती, प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती करने के तरीके बताये जिससे लागत कम करने के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित के बारे मे बताते हुये कहा कि आज की खेती से अत्यधिक मात्रा में कृषि अवशेष निकलते हैं जो गंदगी फैलाते हैं इन अवशेषों से कम्पोस्ट बनाकर खेती में प्रयोग करने की सलाह दी।

शस्य वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले गौ आधारित उत्पाद (जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र ब्रहमास्त्र, अग्नास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि) बनाने तथा फसलों पर प्रयोग विधियों को बताया। प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश कुमार सिंह ने किसानों के स्वास्थ्य के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए केमिकल/रासायन को कम से कम प्रयोग करने की सलाह दी। एफ0पी0ओ0 के संचालक संजीव शुक्ला ने जैविक खेती से तैयार फसल उत्पाद को एफ0पी0ओ0 के माध्यम से प्रमाणीकरण कराकर अधिक मूल्य पर बेचने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन भाष्कर शुक्ला ने किया तथा आये हुए किसानों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृषि विभाग से जगदम्बिका प्रसाद के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के डा0 नवीन सिंह, भाष्कर शुक्ला, स्वाती दीपक दूबे, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, रामचन्द्र, जुगुल किशोर, जी0 आर0 पटेल, रविशंकर, अरूण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया गया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज बी आर सी केन्द्र पर पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों के प्रशिक्षण में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह ने शिक्षकों से दिव्यांग बच्चों को समरूप बनाते हुए इन्हें समाज में आगे लाने में योगदान पर जोर दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने भी दिव्यांग बच्चों के साहस व लक्ष्य के प्रति समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष हिंमाशू ओझा ने किया। इस मौके पर संतलाल, श्रवण कुमार, हिंमाशू पाण्डेय, डा0 मुकेश त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, राज कुमार पाण्डेय, आशुतोष ओझा, अशोक सिंह, ओमप्रकाश सरोज, राजाराम सरोज, संजय सरोज, पूनम सिंह इन्शान देवी, ऋतु शुक्ला आदि रहे।

# स्टाल का उद्घाटन होने से उत्पादों को मिलेगा प्रोत्साहनः संगम लाल

### रेलवे जंक्शन के लिये पहली किश्त के रुप में मिला 35 करोड़

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर रेलवे स्टेशन माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जंक्शन में बोलते हुये सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता ने कहा कि मोदी के आने के बाद से रेल सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है।



स्टाल का शुभारंभ करते सांसद संगम लाल गुप्ता।

उन्होंने कहा कि आंवला हमारी पहचान है और इस प्रकृतिक सम्पदा के कारण आज आंवला किसान देश विदेश से आंवले के प्रोडक्ट तैयार कर बड़े पैमाने पर रोजगार से जुड़े हैं और ऐसे में ओडीओपी के तहत रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ में स्टाल का उद्घाटन किया जाना यहां के उत्पादों के प्रोत्साहन में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि रेल की समस्याओं को करीब से देखने और महसूस करने का परिणाम ही रहा कि रेल में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज चिलबिला जंक्शन, जगेसरगंज, मां चण्डिका देवी धाम अंतू,माँ बाराही देवी धाम सहित अनेक स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है वहीं मुख्यालय रेलवे स्टेशन माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने का पीएम द्वारा शिलान्यास करने के उपरांत 35 करोड़ रूपये की पहली किश्त भी जारी कर दी गई है जिससे काम भी आरम्भ हो चुका है। सांसद ने कहा कि आज बेल्हा से होकर जाने वाले रेल ट्रैक का दोहरीकरण कार्य हो जाने से आवागमन बढ़ा और समय बचा और शीघ्र ही बन्दे भारत ट्रेन का संचालन इस रूट पर कराते हुये राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव प्रतापगढ़ में कराया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुये विधायक सदर राजेन्द्र मौर्य ने सांसद द्वारा प्रयास कर केंद्र की योजनाओं को प्रतापगढ़ के लिए ऐतिहासिक रूप से स्वीकृति दिलाने की सराहना करते हुये योगी और मोदी के प्रति आभार भी प्रकट किया। इस अवसर पर स्टेशन मास्टर शमीम अहमद, सीएमआई नीरज सोमबंशी, आईओडब्लू शिव पाल, नीरज मिश्र, गिरधारी सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर समारोह के उपरांत सांसद द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के आंवला उत्पाद के स्टाल का विधिवत शुभारम्भ भी किया गया।

## अज्ञात शिशुओं के शवों के साथ दफन हो जाते है उनके मौत के राज

### सर्किल क्षेत्र में हो चुकी है कई घटनाएं, अब तक एक का भी नही हो सका है खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवजात शिशुओं की लगातार हो रही हत्याओं के प्रति पुलिस गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। सड़क व झाड़ियों में मिले शिशुओं के शवों के दफन के साथ ही उनके मौत के राज भी दफन कर दिए जाते है। छह माह में लगभग आधा दर्जन घटनाएं हो चुकी है, लेकिन एक भी घटना का अभी तक पुलिस खुलासा नही कर सकी है। स्थानीय सर्किल क्षेत्र में बढ़ रही नवजात शिशुओं की हत्याओं के मामले में स्थानीय कोतवाली हो या फिर लीलापुर थाना दोनो के जिम्मेदारों को शिशुओं के हत्यारों तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। सड़क के किनारे तो कभी झाड़ियों में नवजात शिशु या उनके शव आए दिन मिलते रहते है।जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच कर उचित कार्रवाई तो करती हुई दिखाई देती है, लेकिन अंत में शिशुओं के शव दफन के साथ ही उनके मौत के राज को भी पुलिस दफन कर देती है। बता दें कि 27 सितंबर को क्षेत्र के घुइसरनाथ रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास झाड़ी मे मिले शिशु का इलाज के दौरान प्रयागराज में मौत हो गई थी। 20 दिसंबर को लीलापुर के लोनी नदी के पास शिशु का शव मिला था, जिसका पीएम भी कराया गया था। 4 जनवरी को लालगंज के बछवल गांव स्थित एक तालाब में शिशु का शव बरामद हुआ था जिसका पुलिस ने पीएम करवाकर शव को दफन करवा दिया था, यही नहीं 2 फरवरी को लीलापुर के पांती गॉव मे शिशु का शव मिला था जिसे ग्रामीणों ने पुलिस के पहुॅचने के पहले ही दफन कर दिया था। क्षेत्र में हो रही लगातार घटनाओं के प्रति पुलिस के संजीदा न होने के कारण घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। सूत्रों की बातों पर ध्यान दे तो पुलिस मामले के खुलासे का प्रयास न करके हत्यारों को अभयदान देकर फाइल को ही दफन कर देती है। इस संबंध में सीओ से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# बैडमिंटन में हर्षिता व शतरंज में शिवांग सिंह ने हासिल किया प्रथम स्थान

### एमडीपीजी कालेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का कुलसचिव ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक हैं इसलिए खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। आज कबड्डी, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज एवं वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।





खेलकूद प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते कुलसचिव संजय कुमार।

बैडमिंटन के महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिता उमरवैश्य को प्रथम एवं बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी को द्वितीय स्थान मिला। पुरुष बैडमिंटन में शिवांग सिंह प्रथम, अबरारुल हक द्वितीय एवं सुहैल सैफी तीसरे स्थान पर रहे।कैरम के महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य को प्रथम एवं कीर्ति पटेल को द्वितीय स्थान मिला। शतरंज महिला वर्ग में हर्षिता उमरवैश्य प्रथम एवं स्वप्निल विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं। शतरंज पुरुष वर्ग में शिवांग सिंह प्रथम एवं अभिषेक सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में साक्षी पाल की टीम ने स्वाति पांडे की टीम को जबरदस्त मुकाबले में पराजित किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुल सचिव संजय कुमार एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने मार्च पास्ट की सलामी ली एवं रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि खेल के साथ ही सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी इस महाविद्यालय की विश्वविद्यालय में अपनी एक पहचान है।

लगभग सभी स्तर की प्रतियोगिताओं में हमारे विद्यार्थी विश्वविद्यालय में स्थान बनाते रहे हैं। पूर्व प्राचार्य डॉ जेपी मिश्र ने कहा महाविद्यालय का अतीत ही स्वर्णिम रहा है और वर्तमान में उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में कुलसचिव ने अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली महाविद्यालय की चार छात्राओं साक्षी पाल, स्वाति पांडे, आरती एवं पूजा को सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र एवं आभार ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी प्रो पी के सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो संतोष कुमार पांडे एवं प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया।उद्घाटन समारोह में प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे, कुलबीर सिंह, अश्वनी केसरवानी, उमेश सिंह, प्रो अरुण कुमार तिवारी, प्रो पीके शर्मा, डॉ सी एन पांडे, डॉ डी के पांडे, डॉ बलराज मिश्र, डॉ स्वामीनाथ तिवारी, डॉ मृदुल उपाध्याय, डा संजय दुबे, डॉ अनीश द्विवेदी व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## परियावां स्टेशन से स्पीड से गुजरी वन्दे भारत ट्रेन

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज जंक्शन से मंगलवार की दोपहर वन्देभारत 02418 का प्रधानमंत्री ने लोकापर्ण कर हरी झंडी दिखाकर रेल विभाग ने पटरी पर दौड़ाया जो कुंडा मानिकपुर व परियावां रेलवे स्टेशन से 120 की स्पीड से दोपहर लगभग 12 बजकर 31 मिनट पर गुजरी जंहा उक्त स्टेशनो पर वन्दे भारत ट्रेन की अपनी रेल की पटरी पर दौड़ने पर लोगो की स्टेशनो व रेलवे ट्रैक के किनारे बसे गांव के लोगो ट्रेन की झलक देखने की भीड़ लगी रही। उक्त ट्रेन का स्टापेज प्रयागराज जंक्शन से चलकर रायबरेली व लखनऊ है जो पुरा सफर 3 घंटे 20 मिनट मे पुरी करेगी ट्रेन के गुजरने के बाद भीड़ ने प्रधानमंत्री की सराहना करते नजर आये हर कोई शख्श यही सोच रहा है कि कभी इस तरह की ट्रेन मे सफर करना नसीब हो पायेगा ट्रेन की स्पीड देखकर लोग दंग रह गये। परियावां रेलवे स्टेशन से 33 सी रेलवे फाटक तक वन्दे भारत ट्रेन की झलक देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ जमा रही।

## तमंचा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा कोतवाली उपनिरीक्षक अंकित कुमार तिवारी अपनर हमराही के साथ क्षेत्र देखभाल चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर तिलौरी नहर पुलिया के पास से दो अभियुक्त प्रद्युम्न द्विवेदी ऊर्फ विकास द्विवेदी पुत्र जय प्रकाश द्विवेदी निवासी कल्याणपुर कटरा गुलाब सिंह थाना सोरांव जनपद प्रयागराज के पास से तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा अभियुक्त प्रशान्त शुक्ल पुत्र प्रकाश चन्द्र शुक्ल निवासी ग्राम कोडरा शाल थाना बाघराय प्रतापगढ़ के पास से एक तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर अवैध बरामद किया। उक्त बरामदगी के अनुसार थाना कुंडा में अभियुक्तों के विरुद्ध मुक़दमा संख्या 60/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा और मोटर साईकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया।

# मेहनत व लगन से मिलती है सफलता की मंजिल- प्रो0 शिवाकांत ओझा

### सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के एन0एस0एस0 शिविर का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को यहां समारोह पूर्वक समापन हुआ। प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा तथा पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर ने तीनों इकाईयों के शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

शिविरार्थी छात्राओं पलक अग्रहरि, तनु एवं स्वाती तथा अंजली मिश्रा व शशि मौर्य ने सरस्वती वन्दना तथा स्वागत गान के साथ राष्ट्रीय एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य को जीवन में अंगीकृत किये जाने पर जोर दिया। सीओ ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने को लेकर भी जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने शिविरार्थियों को जीवन में अथक परिश्रम करने के साथ सफलता की मंजिल की ओर बढ़ने का आह्वान किया। प्रो0 ओझा ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा छुआछूत का भेद मिटाने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। स्वागत भाषण निदेशक डा0 संदीप कुमार मिश्र ने दिया। समापन समारोह का संचालन कार्यक्रमाधिकारी द्वितीय ईकाई डा0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रमाधिकारी डा0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने सप्त दिवसीय शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। सफल शिविर के आयोजन को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 अमित सिंह ने शिविरार्थियों सहित कार्यक्रमाधिकारियों के लगन व निष्ठा की सराहना की। कार्यक्रम का संयोजन डा0 रजनीश पाण्डेय, डा0 वीना सिंह, डा0 रविकांत कौशल ने किया। इस मौके पर डा0 रूबिता सिंह, डा0 सीमा सिंह, डा0 अनीता त्रिपाठी, संगीता पाल, डा0 रोहिनी त्रिपाठी, डा0 आत्मप्रकाश, डा0 दिवाकर नाथ, मनीष शुक्ल, राजेश सिंह आदि रहे।

## चार आरोपियों के खिलाफ बाइक चोरी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शादी के कार्यक्रम में बाइक चोरी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के केदौरा तेलियन का पुरवा निवासी मोहनलाल गुप्ता के पुत्र राकेश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि 29 फरवरी को वह बाइक से अपने मामा के यहां शादी के कार्यक्रम में खरावां गया था। वहां उसकी बाइक चोरी हो गयी। जानकारी करने पर पता चला कि खरावां गांव के साहिल व सुमित ने अमित सरोज व बबलू निवासी तुरकिनिया के साथ मिलीभगत कर उसकी बाइक चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गैंगेस्टर का आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्र राम मंगलवार को फोर्स के साथ गस्त कर रहे थे। इस बीच गंभीराबाद बेलहा के पास गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित गंभीराबाद निवासी आद्या प्रसाद शुक्ल का पुत्र विद्याधर शुक्ला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के बाद न्यायालय भेज दिया।

## संपादक की कलम से

# नैनीताल पर मंडराता खतरा

पेयजल का प्रमुख स्त्रोत रही नैनी झील पर भी खतरे बताये जा रहे हैं। वषार्काल में आसपास की पहाड़ियों से आयी मिट्टी तथा छोटे-छोटे भूस्खलन से आये मलबे से यह उथली हो रही है एवं प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वर्ष 2017 में पानी के अतिदोहन से झील में पानी का स्तर 17-18 फीट नीचे चला गया था। भूस्खलन से आये मलबे से यदि झील को कोई नुकसान पहुंचता है तो इसका पानी 45 किलोमीटर दूर बसे हल्द्वानी तक बाढ़ ला सकता है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार नैनी झील से 400 मीटर दूर एक भूमिगत झील भी बन गयी है जो 200 मीटर लम्बी एवं 5 मीटर गहरी है।

नैनीताल उत्तराखण्ड का एक रमणीय पर्यटन स्थल है, जो 1939 मीटर की ऊँचाई पर बसा है। यहां की नैनी झील के चारों ओर फैली पहाड़ियों के कारण यह एक कटोरेनुमा शहर है। इस सुंदर शहर की खोज कुछ अंग्रेजों ने 1839 में की थी जब वे किसी कार्य से घूमते हुए यहाँ पहुंचे थे। वर्ष 1841 में बेंटन तथा बेरन नामक दो अंग्रेजों ने इसे बसाने का कार्य प्रारंभ किया एवं 1842 में यहां 10 मकान स्थानीय सामग्री से बनाये। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित हो अंग्रेज यहां धीरे-धीरे बसने लगे एवं 1901 तक यहा की आबादी 7500 के लगभग हो गयी। वर्तमान में इसकी आबादी 80 हजार के आसपास है एवं इतने ही पर्यटक यहां गर्मी के मौसम में प्रति सप्ताह आते हैं।

प्रसिद्ध भू-विज्ञानी प्रो. सीसी पंत के अनुसार नैनीताल शहर की भौगोलिक स्थिति यहां के अन्य शहरों से अलग है। शहर के बीच से गुजरने वाले एक प्रमुख 'भ्रंश' (फाल्ट) के साथ छोटे-छोटे अन्य 'भ्रंश' होने से यह शहर भूगर्भ के लिहाज से काफी संवेदनशील है। भूकम्प को लेकर बनाये गये 'जोन 04' में यह आता है। भूगर्भीय गतिविधियों से यहां भूकम्प के झटके एवं पहाड़ियों पर भूस्खलन होता रहता है।

यहां की पहाड़ियों पर भूस्खलन 1867 से ही हो रहा है। इसके बाद 1880, 1886, 1924, 1962 और 1970 में भी भूस्खलन हुए। यह भी पाया गया कि यहां 1962 के बाद भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी। कहीं यह भी उल्लेखित है कि 1880 की किसी भूकम्पीय गतिविधि से मल्लीताल झील मैदान में तब्दील हुई थी। 'धारण क्षमता' (कैरींग केपेसिटी) से ज्यादा निर्माण कार्य, वन-विनाश, खनन कार्य, कमजोर जल-मल प्रणाली आदि वजहों से वर्तमान में शहर के तीनों ओर की पहाड़ियां भूस्खलन से दरक रही हैं, जिससे शहर खतरे में है।

वर्ष 1900 में जब यहां की 'धारण क्षमता' जानने की मांग उठी थी तब अध्ययन के आधार पर इसे 5000 की आबादी के लायक बताया था। कई प्रकरणों में सुप्रीमकोर्ट तथा राज्य की हाईकोर्ट ने झील के चारों तरफ पहाड़ियों की कमजोर ढलानों पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित करने को कहा था। कुमाऊ विश्वविद्यालय ने अपने एक अध्ययन में 2016 में बताया था कि वर्ष 2005 से 2015 के मध्य प्रतिबंधित क्षेत्रों में 50 प्रतिशत निर्माण कार्य ज्यादा हुए हैं। राज्य के हाईकोर्ट ने 2017 में नागपुर के 'राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी संस्थान' (नीरी) को यहां की 'धारण क्षमता' का फिर से अध्ययन करने हेतु कहा था।

वर्ष 2023 में मालरोड, टीफीन टॉप व व्यूपाइन्ट तथा आल्मा पहाड़ी पर हुए भूस्खलन की घटनाएं चेतावनी देती हैं कि नैनीताल भी जोशीमठ की राह पर अग्रसर है। यहां की प्रसिद्ध मालरोड पर फरवरी 23 में लंबी दरार देखी गयी थी। वर्ष 2004 एवं 2018 में लोअर मालरोड का बड़ा हिस्सा भूस्खलन के कारण टूटकर झील में समा गया था। आईआईटी एवं अन्य संस्थानों के अनुसार मालरोड के क्षेत्र में भूमि के नीचे कठोर चट्टानें (हार्ड रॉक्स) नहीं होने से भूस्खलन होता रहता है। पिछले वर्ष मई माह में टीफीन टॉप तथा व्यूपाइन्ट के आसपास की पहाड़ियों पर दरारें आने से पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गयी थी। सितंबर में आल्मा पहाड़ी के दरकनें से चार मकान ढ़ह गये थे एवं इससे घबराकर स्थानीय प्रशासन ने 250 अन्य मकान तुरंत खाली करवा लिये थे। यह पहाड़ी झील के ऊपर बांयी तरफ सीधी खड़ी होने एवं नीचे से भुरभुरी होने के कारण ज्यादा संवेदनशील बताई गई है। प्रशासन के ध्यान नहीं देने से पिछले 25-30 वर्षों में यहां काफी निर्माण कार्य हुए हैं और यहां अभी 10 हजार के लगभग लोग रह रहे हैं।

इस पहाड़ी पर अंग्रेजों के शासनकाल में 1880 में भारी भूस्खलन होने से 150 के लगभग लोग मारे गये थे जिनमें 42-43 अंग्रेज भी थे। भूस्खलन के 150 वर्ष पुराने इतिहास वाली बलिया नाला पहाड़ी भी दरक रही है। पिछले कुछ वर्षों से यहां भूस्खलन की रफ्तार बढ़ी है जो शहर तथा झील दोनों के लिए खतरनाक है। इस पहाड़ी की तलहटी से होकर झील का अतिरिक्त पानी ज्योलीकोट की ओर जाता है। वर्ष 2018 में इस पहाड़ी पर भूस्खलन के बाद यहां की कृष्णपुरा बस्ती के हजारों लोगों का सड़क से सम्पर्क टूट गया था।

## कब तक भूख झेल सकता है हमारा शरीर?

गाजा पट्टी में लोग भुखमरी और कुपोषण की समस्या से जूझ रहे हैं. यह फलस्तीनी क्षेत्र इस्राएल–हमास युद्ध छिड़ने के बाद से ही चर्चा के केंद्र में बना हुआ है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस घेब्रेयेसस के अनुसार, "कुपोषण की स्थिति भयावह स्तर पर" पहुंच गई है. इसके चलते कम से कम 10 बच्चों की मौत हुई है. वहीं, हमास द्वारा संचालित फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस बीच भोजन और पानी की कमी के चलते 15 बच्चों की मौत हो गई. उत्तरी गाजा में लगभग तीन लाख लोग भोजन और स्वच्छ पेयजल की कमी से जूझ रहे हैं. लंबे समय तक भूख की स्थिति शरीर के लिए भारी बोझ सिद्ध होती है, लेकिन हमारे विकास की प्रक्रिया ने मानव शरीर को इस प्रकार विकसित किया है कि आवश्यकता पड़ने पर वह कुछ हफ्तों के लिए बिना भोजन के जीवित रह सके. हालांकि यह हर किसी के लिए कारगर नहीं होता . इसमें कई और पहलू भी प्रभावी भूमिका निभाते हैं. जैसे, यदि कोई व्यक्ति बीमार है तो उसकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है. ऐसी स्थिति में भोजन की कमी से इतर भी किसी व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना और कमजोर हो जाती है. चलिए, हम उन प्रक्रियाओं की पड़ताल करते हैं कि भूख और पोषण की कमी की स्थिति में हमारा शरीर अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए कैसे प्रयास करता है.

**वजूद बचाए रखने के लिए बना है शारीरिक ढांचा**

मस्तिष्क के भीतर हाइपोथैलेमस नाम का हिस्सा होता है. भूख की अनुभूति कराने में इसकी अहम भूमिका होती है. रक्त में शर्करा यानी शुगर के स्तर में गिरावट आते ही यह सक्रिय हो जाता है. सबसे पहले हाइपोथैलेमस किडनी की एड्रिनल ग्रंथियों को तनाव उत्पन्न करने वाला हार्मोन एड्रिनेलिन स्रावित करने का निर्देश देता है. यह हमें भोजन की खोज में उन्मुख करता है. लेकिन यदि हम भोजन तलाशने में असफल रहते हैं तो मस्तिष्क वैकल्पिक योजना यानी प्लान बी पर काम करता है. इसके तहत वह शरीर के अन्य हिस्सों में ग्लूकोज की तलाश करता है.

मस्तिष्क को अपने संचालन के लिए शुगर के एक स्वरूप ग्लूकोज की आवश्यकता है होती है, जिसे ब्लड शुगर भी कहा जाता है. किसी व्यक्ति के कुल वजन के दो प्रतिशत हिस्सा ही ग्लूकोज के रूप में होता है, लेकिन उसमें आधा केवल मस्तिष्क ही उपयोग करता है. इस आवश्यक शुगर की प्राप्ति के लिए मस्तिष्क शरीर को सुनियोजित रूप से निर्देशित करता है, जिसमें इंसुलिन स्राव को रोकने का संकेत होता है. इससे शरीर की मांसपेशियों को ग्लूकोज की आपूर्ति रुक जाती है और उनके बजाय मस्तिष्क उसका उपयोग करता है.

भयंकर भूख के दौरान शरीर का प्रत्येक अंग अपने मूल आकार की तुलना में घटकर आधा रह जाता है. यह तब तक उस स्थिति में रह सकता है जब तक वह खराब न हो जाए और व्यक्ति की मृत्यु हो जाए . मस्तिष्क इसमें इकलौता अपवाद है, जो ग्लूकोज संरक्षित रखने की अपनी क्षमता के चलते अधिकतम 4 प्रतिशत तक सिकुड़ सकता है.

शरीर के अन्य हिस्से ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रोटीन का रुख करते हैं. यह मांसपेशियों की कीमत पर होता है, जिनमें व्यापक रूप से प्रोटीन होता है. मुख्यत: प्रोटीन के स्वरूप वाले एमीनो एसिड को शरीर ग्लूकोज में परिवर्तित करता है.

**क्या आप अत्यधिक भूख को भांप सकते हैं?**

करीब आठ से दस दिनों के बाद शरीर अपना मेटाबॉलिज्म यानी उपापचय प्रणाली को ऊर्जा की किफायत से खर्च करने वाली स्थिति में ढाल लेता है. जानवरों की सुषुप्तावस्था की तरह हृदय की गति, रक्तचाप और शरीर का तापमान जैसी आवश्यक शारीरिक गतिविधियां न्यूनतम स्तर पर चले जाते हैं. सीमित भोजन की स्थिति में शरीर यही सबसे बेहतर काम करता है.

शरीर फैटी एसिड्स को तथाकथित कीटोन बॉडीज में रूपांतरित कर वसा के भंडार का उपयोग करना शुरू कर देता है. कीटोन बॉडीज ऊर्जा की अत्यंत महत्वपूर्ण स्त्रोत होती हैं. ये इकलौती ऐसी यौगिक संरचनाएं यानी कंपाउंड्स हैं, जिनका उपयोग मस्तिष्क ग्लूकोज के साथ भी कर सकता है. लेकिन जब ये फैटी एसिड कीटोन बॉडीज में रूपांतरित होते हैं तो इस प्रक्रिया से नेल पॉलिश जैसी गंध निकल सकती है. यह इसलिए होता है, क्योंकि एसिटोन उन कीटोन बॉडीज में से होते हैं, जो किडनी और सांसके माध्यम से उत्सर्जित होते हैं.

# देश में चुनावों से पहले विकास की बरसात

**@ राकेश अचल**

लोकसभा चुनाव से पहले देश में विकास की ऐसी बरसात हो रही है कि पिछड़ापन लगता है कहीं बचेगा ही नहीं। हम कल की ही बात करें तो एक ही दिन में सरकार ने 6 नए हवाई अड्डे ,छह नए टर्मिनल का लोकार्पण करने के साथ ही हजारों करोड़ रुपए की नयी योजनाओं की आधारशिलाएं रख दीं। देश में ये विकास राजनीति के पश्चिमी विक्षोभ का नतीजा है। न चुनाव होते और न देश में विकास की झड़ी लगती। लगता है कि सरकार विकास की मेघमाला को चुनावों के लिए ही रोककर रखती है। इस हवा-हवाई विकास की हकीकत क्या है ये समझना जरूरी है।




चुनावों से पहले देश में विकास की बरसात हमेशा से होती आई है किन्तु भाजपा की सिंगल और डबल इंजन की सरकारों ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए गठबंधन के लिए 400 सीटें जीतने के आसमानी लक्ष्य को पाने के लिए विकास की बरसातों के सभी पुराने कीर्तिमान भंग कर दिए हैं। मौजूदा सरकार को कीर्तिमान भंग करने में महारत हासिल है। सरजू तट पर दीपक जलाने से लेकर ,सरकारें खरीदने,गिराने और विकास की बरसातें करने तक के सभी पुराने कीर्तिमान हमारी इसी लोकप्रिय सरकार ने भंग किये हैं। कांग्रेस की अव्वल तो सरकारें कम हैं और जो भी हैं वे भी नए कीर्तिमान गढ़ने में भाजपा से कोसों पीछे हैं।

देश की जनता को हैरानी होती है की 74 साल के प्रधानमंत्री में इतनी ऊर्जा कहाँ से आती है जो वे उत्तर -पूर्व से लेकर पूरे देश में चुनावी दौरे ऐसे कर रहे हैं जैसे की कोई तूफान खड़ा करना कहते हों। प्रधानमंत्री ने 10 मार्च को ही 15 हवाई इंफ्रा स्ट्रक्चर का लोकार्पण किया।

इनमें छह नए हवाई अड्डे शामिल हैं। प्रधानमंत्री जी भले ही मणिपुर नहीं गए हों लेकिन वे उन सभी हिस्सों में गए जहाँ से सीटें मिल सकती है। वे बिहार गए,बंगाल गए,यूपी तो जाते ही रहते हैं। एमपी गए, महाराष्ट्र गए और जहाँ नहीं जा पाए वहां उन्होंने अपनी आभासी उपस्थिति [वर्चुअल ] से लोगों को नवाजा। अतीत में ये क्षमता सुर और असुर दोनों पक्षों के पास थी। अब कलिकाल में ये मायावी शक्ति केवल सत्ता पक्ष के पास बची है।

दो-दो इंजन लगाकर सरकारें चलाने वाली भाजपा ने जान और मान लिया है कि जुमलेबाजी में विकास का छोंक लगाए बिना बात बनने वाली नहीं है। देश को आप चाहे हिन्दू राष्ट्र बनाइये , चाहे अहिन्दू राष्ट्र बिना विकास के बात बनने वाली नहीं है। किसी भी देश में विकास पहली जरूरत होती है। जहाँ विकास को तरजीह नहीं दी जाती वहां बारूद ही बारूद बिछी दिखाई देती है। आसपास नजरें उठाकर देख लीजिये ,हकीकत समझ में आ जाएगी। राष्ट्र को राष्ट्र बनाये रखने के लिए सबसे पहले खुद को उदार बनाना जरूरी है। आप जुमलों से खुद को बिजूका बनाकर लक्ष्य हासिल नहीं कर सकते। और यदि कर रहे हैं तो ये आपका सौभाग्य है।

देश का विपक्ष और एक बड़ा वर्ग प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को खलनायक मानता है, किन्तु मै ऐसा नहीं मानता,क्योंकि खुद मोदी जी ऐसा नहीं मानते। वे भले ही देश की 31 फीसदी जनता द्वारा चुनी गयी भाजपा के नेता हैं लेकिन हैं तो देश के प्रधानमंत्री, इसलिए मै उन्हें खलनायक नहीं मान सकता भले ही वे खलनायकों की तरह व्यवहार करते नजर आते हों। खलनायक के भीतर भी तो एक नायक छिपा है। नायक,खलनायक और अधिनायक में जो गैर जरूरी शब्द हैं उन्हें यदि अलग कर दिया जाये तो शेष नायक ही बचता है। देश पर विकास की बरसात आखिर मोदी जी से, भाजपा से कोई अंतर्निहित नायक ही करा रहा है।

समस्या ये है कि हम या हमारी राजनीति कभी ये सवाल नहीं करती कि सरकारें विकास को एक सतत प्रक्रिया बनाये रखने के बजाय उसका इस्तेमाल एक चारे के रूप में क्यों करतीं है। सरकारों को विकास की याद ?न चुनावों के समय ही क्यों आती है ? क्या वे चुनावों के लिए विकास को अवरुद्ध करने का अपराध नहीं करतीं ? विकास को एक जरूरत के बजाय राजनीतिक हथियार क्यों बना दिया गया है ? क्या इससे मुक्ति आवश्यक नहीं है, या सभी राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर कोई दुरभि संधि कर ली है ?

परिश्रमी, दृढ प्रतिज्ञ और तपोनिष्ठ प्रधानमंत्री जी का दुर्भाग्य ये है कि अब उनके द्वारा एक दशक में बनाये गए हवामहल की ईंटे खिसकने लगीं है। अभी तक उनके द्वारा खोले गए शरणार्थी शिविरों में कांग्रेस और दीगर दलों के शरणार्थी नेता शरण ले रहे थे किन्तु अब उनकी पार्टी से भी लोग पलायन कर उनकी प्रतिद्वंदी कांग्रेस के शरणार्थी शिविरों में जाते दिखाई देने लगे है। हरियाणा से पहले मध्यप्रदेश में इसकी शुरूवात हुई थी। अब पूरे देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रधानमंत्री के अधिनायकत्व से खिन्न लोग भाग रहे है। या बगावत कर रहे हैं। चूंकि कानून होने के बाद भी अब दल-बदल कोई अपराध या अनैतिक कृत्य नहीं है इसलिए सभी के लिए ये क्षम्य है। भाजपा में जिस तरह से कांग्रेस का काठ-कबाड़ भरा गया है उससे भाजपा के आम कार्यकर्ता में भारी असंतोष है, जो विकास की बेमौसम बरसात पर भारी पड़ सकता है। चूंकि हम भाजपा के भाग्यविधाताओं की मजबूरी को समझते हैं इसलिए हमारी उनके प्रति सहानुभूति है। हमारी सहानुभूति को आप अन्यथा मत लीजिये। देश को तोड़ना और जोड़ना दो अलगअलग काम हैं जो राजनीतिक दल अपनी-अपनी समझ और सामर्थ्य से कर रहे हैं जनता धर्म के नशे में है लेकिन धीरे-धीरे धर्म का नशा उतर रहा है। उम्मीद की जाना चाहिए कि नशामुक्त अवाम अपने भविष्य का फैसला समझदारी से करेगी और नहीं करेगी तो खुद ही भुगतेगी। इसमने हमारा आपका कोई कसूर नहीं होगा। हम और आप मिलाकर अपनी क्षमता से नशे की गिरफ्त में आयु अवाम को झकझोरने का यत्न,प्रयत्न लगातार कर रहे हैं। ये जोखिम का काम है फिर भी हमने इसे छोड़ा नहीं है। कहते हैं कि जब कोई खलनायक अपनी खलवृत्ति को नहीं छोड़ता तो किसी सज्जन व्यक्ति को भी अपनी सज्जनता का त्याग नहीं करना चाहिए।

कुल जमा बात ये है कि आप विकास की बेमौसम बरसात के आनंद लीजिये लेकिन ठीक वैसे ही जैसे एक पर्यटक लेता है। हकीकत समझिये कि ये विकास बरसाती ही है, टिकाऊ नहीं। ये एक चारा है जो मतदाता नाम की मछली को फसाने के लिए कांटेनुमा वंशी के नुकीले सिरे पर लगाई जाती है। चारे के लालच में यदि आपने बरसाती विकास के लिए अपना मुंह खोला तो आपका शिकार होना बहुत स्वाभाविक है। बरसाती विकास उस मांजे की तरह है जो किसी भी मछली के लिए घातक होता है।

# नदियों हैं जीवन-रेखा, इन्हें प्रदूषण-मुक्त करें

नदियों को बचाने, जश्न मनाने और उनके महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए नदियों की कार्रवाई का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 14 मार्च को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ‍‍‍ह्लसभी के लिए पानीह्व है, जो मांग करती है कि नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किया जाए। बढ़ते नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिये उनमें को अपशिष्ट या सीवेज, कारखानों से निकलने वाले तेल, कैमिकल, धुंआ, गैस, एसिड, कीचड़, कचरा, रंग को डालने से रोकना होना, हमने जीवनदायिनी नदियों को अपने लोभ, स्वार्थ, लापरवाही के कारण जहरीला बना दिया है। समूची दुनिया में पीने का शुद्ध पानी एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पानी अत्यधिक जहरीला हो चुका है। इस कारण पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर नदी प्रबंधन, नदी प्रदूषण और नदी संरक्षण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करके विश्व स्तर पर लोगों को नदियों को बचाने के बारे में बात करने के लिए अग्रसर करना एवं उनमें जागरूकता पैदा करना है। नदियाँ भी अत्यधिक खतरे में हैं, विश्व की 10 प्रतिशत से भी कम नदियां सुरक्षित हैं। इस दिवस की शुरूआत 1997 में कूर्टिबा ब्राजील में बांधों के प्रभावित होने से हुए जान-माल के नुकसान को देखते हुए की गई।



नदियों की कार्रवाई का अंतर्राष्ट्रीय दिवस दुनिया की नदियों की रक्षा में अग्रणी समुदायों और नागरिक समाज के आंदोलनों को मजबूत करती हैं। इसके अन्य उद्देश्यों में है कि नीतियों और अभियानों को सूचित करने के लिए मजबूत डेटा और साक्ष्य उत्पन्न करने के लिए खोजी अनुसंधान करना। विनाशकारी परियोजनाओं का पदार्फाश करने और उनका विरोध करने के अभियानों को स्वतंत्र और निडर बनाना। एक ऐसी दृष्टि विकसित करना जो नदियों और उन पर निर्भर समुदायों की रक्षा करे क्योंकि नदियाँ विश्व की जैव विविधता को बहाल करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं। नदी प्रणालियाँ पृथ्वी की उच्चतम जैविक विविधता और हमारी सबसे गहन मानवीय गतिविधि का क्षेत्र भी हैं। नदियाँ हमारे ग्रह की धमनियाँ हैं। वे सच्चे अर्थों में जीवन रेखा हैं। नदियाँ कभी उल्टी दिशा में नहीं जातीं। इसलिए, नदी की तरह जीने की कोशिश करें, अपने अतीत को भूल जाएं और अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करें। अगर इस ग्रह पर कोई जादू है तो वह पानी में है। यह हमें अपनी अर्थव्यवस्था के एक हिस्से के रूप में व्यापार और वाणिज्य के लिए सस्ता और कुशल अंतदेर्शीय परिवहन भी प्रदान करता है। यह पृथ्वी पर सबसे विविध और लुप्तप्राय वन्यजीवों में से कुछ का घर भी है।

इस वर्ष दुनिया जैविक विविधता पर 15वें सम्मेलन (सीबीडी) के लिए एकत्र हो रही है। मीठे पानी का पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे अधिक खराब है और इसे बदलने के लिए वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता है। भारत एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है लेकिन दुर्भाग्य से प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है।

भारत की नदियों की दिन-ब-दिन बिगड़ती हालत एवं बढ़ते प्रदूषण पर पिछले चार दशकों से लगभग हर सरकार कोरी राजनीति कर रही है, प्रदूषणमुक्त नदियों का कोई ईमानदार प्रयास होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। नदियों की साफ-सफाई के नाम पर कई हजार करोड़ रुपए बहा दिए गए हैं, लेकिन लगता है सब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। यही कारण है कि नदियों में प्रदूषण की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है बल्कि साल-दर-साल पानी और गंदा व स्थिति खराब ही हुई है। नदियां पेयजल उपलब्धि का बड़ा माध्यम है, लेकिन इनके प्रदूषित होने से पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

हिंदुस्तान का जिस तरह का मौसम चक्र है उसमें हर नदी चाहे वो कितनी भी प्रदूषित क्यों न हो, साल में एक बार वर्षा के वक्त खुद को फिर से साफ करके देती है, पर इसके बाद हम फिर से इसे गंदा क्यों कर देते है? लेकिन मोदी ने नदियों की शुद्धता एवं पवित्रता के लिये व्यापक एवं प्रभावी उपक्रम किये हैं, जो समूची दुनिया के लिये नदी प्रबंधन एवं प्रदूषण मुक्ति के अनुकरणीय है। केंद्रीय जल संसाधन के अनुसार गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। गंगा को विषाक्त कचरे से मुक्ति इसलिये मिलना संभव हो पाया है क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। लेकिन विडम्बना है कि सरकार की सख्ती के बावजूद गंगा के नाम पर भी भ्रष्टाचार अविरल चल रहा है। अगर गंगा रूठ गई तो न दोआबा रहेगा और न देश में हरियाली रहेगी। न गंगा के वे लोकगीत, जिन्हें गाती हुई महिलाएं कार्तिक स्नान के लिए भोर में जाती है। गंगा के किनारे पर साधु-संत बड़ी-बड़ी आरतियां लेकर आरती गाते हैं, बड़े-बड़े आश्रम बनावकर मंडलेश्वर बने हैं उन्होंने कभी क्यों नहीं सोचा कि गंगा जो उनकी सब कुछ है, उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचला जा रहा है। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान-पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ।

आधुनिक शोधों से भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को प्रभावित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। गंगा ने अपनी विभिन्न धाराओं से, विभिन्न स्रोतों से भारतीय सभ्यता को समृद्ध किया, गंगा विश्व में भारत की पहचान है। वह मां है, देवी है, प्रेरणा है, शक्ति है, महाशक्ति है, परम शक्ति है, सर्वव्यापी है, उत्सवों की वाहक है। एक महान तीर्थ है। पुराण कहते हैं कि पृथ्वी, स्वर्ग, आकाश के सभी तीन करोड़ तीर्थ गंगा में उपस्थित रहते हैं। गंगाजल का स्पर्श इन तीन करोड़ तीर्थों का पुण्य उपलब्ध कराता है। गंगा का जल समस्त मानसिक एवं तामसिक दोषों को दूर करता है। यह जल परम पवित्र एवं स्वास्थ्यवर्धक है, जिसमें रोगवाहक कीटाणुओं को भक्षण करने की क्षमता है। गंगा का दर्शन मात्र ही समस्त पापों का विनाश करना है। जिस गंगा का इतना महत्व है, उपयोगिता है तो फिर क्यों उसके प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता बरती जाती रही है?

दुनियाभर में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है। आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश एवं दुनिया के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। नदियों को विवाद बना दिया है, आवश्यकता है तुच्छ स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यापक मानवीय हित के परिप्रेक्ष्य में देखा जाये। जीवन में श्रेष्ठ वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त दे रखी हैं- पानी, हवा और प्यार। और आज वे ही विवादग्रस्त, दूषित और झूठी हो गईं।

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई० पी० एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोन: 22727486, 9811051133**

# सीएए पर सियासत देशहित में नहीं

**अरविंद जयतिलक**

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 लागू करने से जुडे. नियम अधिसूचित किए जाने के बाद जिस तरह विपक्षी दलों द्वारा अनावश्यक बखेड़ा खड़ा किया जा रहा है, वह कुलमिलाकर उनकी संकीर्ण और तुष्टिपरक राजनीति को ही उद्घाटित करता है। बेशक विपक्षी दलों को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करें और जरुरत पड़े तो संसद से लेकर सड़क तक विरोध जताएं। लेकिन जब मसला राष्ट्रहित और मानवीय संवेदना से जुड़ा हो तो विपक्षी दलों को भी धैर्य और आत्मसंयम का परिचय देना चाहिए। संकीर्ण राजनीति की भावनाएं राष्ट्र के भविष्य से बढ़कर नहीं हो सकती। क्या यह सच नहीं है कि पड़ोसी देशों मसलन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक यानी हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग राज्यपोषित अत्याचार से पीड़ित हैं? क्या यह सच नहीं है कि वे अपनी जान बचाने के लिए ही भारत में शरण लिए हुए हैं? अगर इन परिस्थितियों में भारत सरकार नागरिकता संशोधन विधेयक के जरिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करती है तो इसमें अनुचित क्या है? यह सही है कि भारत को शरणार्थियों का धर्मशाला नहीं बनने देना चाहिए और न ही दुनिया में संदेश जाना चाहिए कि भारत धर्म के आधार पर नागरिकता देने का फैसला करता है। लेकिन इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भारत अपने पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों से मुंह फेर ले। पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यक सात दशक पहले भारत का हिस्सा थे। आज अगर पड़ोसी देश उन पर कहर बरपा रहा है और वे जान बचाकर भारत आ रहे हैं तो उन्हें अपनाना भारत का धर्म है। लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ राजनीतिक दल अनावश्यक वितंडा खड़ा कर इस मसले को मजहबी रंग देने पर आमादा हैं। उनका तर्क है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, ऐसे में किसी को धर्म के आधार पर नागरिकता कैसे दी जा सकती है? उनका यह भी कहना है कि जब पड़ोसी देशों से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है तो फिर पड़ोसी देशों से आने वाले मुसलमानों को इस अधिकार से कैसे वंचित किया जा सकता है? उनकी दलील है कि भारत वसुधैव कुटुंबकम और सर्वधर्म समभाव की संस्कृति का हिमायती है। फिर मजहब के आधार पर किसी के साथ भेदभाव कैसे किया जा सकता है? नि:संदेह विपक्षी दलों का तर्क अनुचित नहीं है। भारत का संविधान भी जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव की इजाजत नहीं देता। लेकिन उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले को मजहबी विमर्श के दायरे में बांधने के बजाए मानवीय विस्तार दें। देश की मौजुदा परिस्थितियों को समझें। यह सच्चाई है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी मुस्लिम राष्ट्र हैं। यहां सिर्फ मुसलमानों के ही हित सुरक्षित हैं। जेहाद के जरिए अल्पसंख्यकों का धर्मांतरण कराया जाता है। यह सच्चाई है कि इन देशों में अल्पसंख्यकों के अधिकार और जीवन रंचमात्र भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जो कोई इनकी रक्षा के लिए आवाज बुलंद करता है, उसे मौत की नींद सुला दिया जाता है। स्वयं पाकिस्तान सीनेट की स्थायी समिति खुलासा कर चुकी है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बद से बदतर है। भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो आज उनकी संख्या घटकर दो फीसद से भी कम रह गयी है। कमोवेश यही स्थिति बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की भी है। गत वर्ष पहले अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लोदश में अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है और अल्पसंख्यकों के उन्मूलन के लिए बांग्लादेश में सम्मिलित प्रयास किए जा रहे हैं। क्या यह सच नहीं है कि बांग्लादेश के निर्माण के समय यहां अल्पसंख्यकों की आबादी एक तिहाई थी जो आज घटकर 15 वां हिस्सा भर रह गयी है? क्या भारत के विपक्षी दल बताएंगे कि ऐसी ही स्थिति यहां रहने वाले मुसलमानों की भी है? क्या उनकी भी तादाद अल्पसंख्यकों की तरह घटी है? क्या उन पर भी अल्पसंख्यकों की तरह ही अत्याचार होता है? अगर नहीं तो फिर वे किस मुंह से मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दिए जाने का आवाज बुलंद कर रहे हैं? क्या यह दर्शाता नहीं है कि वे तुष्टीकरण की सियासत कर रहे हैं? बहरहाल वे जो भी तक-कुतर्क गढ़े लेकिन यह सच्चाई है कि वे ऐसा कर राष्ट्र का ही नुकसान कर रहे हैं। उन्हें इस बात का भान होना चाहिए कि बांग्लादेश से आए करोड़ों लोगों ने पूर्वोत्तर राज्यों की समस्याओं में इजाफा किया है। यहां के सामाजिक-राजनीतिक माहौल को दूषित किया है। यहां के मूल निवासियों को उजाड़ा है। कई आतंकी संगठनों ने तो इन घुसपैठियों की मदद से हजारों निर्दोष भारतीयों की जान ली है। ऐसे में उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले पर अनावश्यक वितंडा खड़ा करने के बजाए मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए नागरिकता संशोधन कानून का सम्मान करें। वैसे भी ध्यान रखना होगा कि भारत विभाजन से पूर्व पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत के ही हिस्सा थे। अफगानिस्तान से भारत का भाईचारे का रिश्ता था। अस्तित्व में आने के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों देशों ने अपने यहां रह रहे अल्पसंख्यकों को भरोसा दिया था कि उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

# बम विस्फोट में मरे चार छात्रों की हो न्यायिक जांच

## राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संयुक्त वाम मोर्चा के प्रादेशिक आवाहन पर भाकपा-माकपा जिला कौंसिल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के किसानों के साथ की वायदा खिलाफी व फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ का अमित यादव एड व का रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में सीपीआई कार्यालय से कचहरी होते हुए नारेबाजी कर वायदा पूरा करने की मांग उठाई।



ज्ञापन देते वामपंथी दलों के नेता।

मंगलवार को वामपंथी नेताओं के साथ आये लोगों ने भ्रष्टाचार बंद करो, सीआईसी बम ब्लास्ट की न्यायिक जांच कराओ, मंहगाई कम करो, बेरोजगारी कम करो, सड़कों को दुरुस्त करो की आवाज बुलंद कर तहसील मुख्यालय पहुंचे। का सुशील सिंह की अध्यक्षता में सभा हुई। का अमित यादव ने कहा कि सरकार का प्रशासन बेलगाम हो गया है। भाजपा के एजेंट बतौर काम कर रहा है। खनिज व परिवहन की मिलीभगत से दोहन हो रहा है। संभागीय परिवहन कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। सरकार किसानों, मजदूरों, नौजवानों की लगातार उपेक्षा कर रही है। जिले के प्रत्येक किसान परिवार का सदस्य जीविकोपार्जन को अन्य प्रदेशों में पलायन को मजबूर हैं। फरवरी में चित्रकूट इंटर कॉलेज में जिला प्रशासन ने बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में आतिशबाजी को रखे बम फटने से चार मासूमों की जान चली गई। मामले की न्यायिक जांच कराई जाये। सीपीएम जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से किये वायदे भूलकर जनता को गुलामी की ओर ले जा रही है। देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। विश्व बैंक ने भारत को भिखमंगा कह दिया तो भारत विश्वगुरू कैसे होगा। प्रधानमंत्री का विश्वगुरू का कथन जुमला साबित हो रहा है। सभा व प्रदर्शन बाद राष्ट्रपति सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम सदर सौरभ यादव को सौंपा। इस मौके पर राजेश आचार्य, हनुमान, राजधर, रामचन्द्र, रामस्वरूप, रामू, पहाड़ सिंह, रेवतीरमण, शुन्ता, विष्णु कुमार सिंह, बाबूलाल, मारुति नंदन शर्मा, बिट्टी, माया, माताबदल, गेंदालाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चहेतों को लाभ पहुंचाने को एक्सईएन ने सीडीओ को किया गुमराह

## भ्रष्टाचार की हदें पार किये है एक्सईएन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में तकरीबन हर विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग के एक्सईएन एसपी पाण्डेय ने तो चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने को सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर को ही गुमराह कर डाला। सीडीओ ने मामले की जांच डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी को सौंपी है।

आरईएस के एक्सईएन एसपी पाण्डेय के चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने विधायक निधि से रामनगर ब्लाक के घुनुवा के मजरा बिसौंधा में बांधी-कौबरा सम्पर्क मार्ग से प्राथमिक विद्यालय बिसौंधा तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य, मानिकपुर ब्लाक के मदना के मजरा बगिया पुरवा में रामानन्द के घर से प्रकाश द्विवेदी के घर तक इंटरलॉकिंग व रामनगर ब्लाक के इटवां के मजरा रोखरी पुरवा में प्राथमिक विद्यालय से बुद्धपाल के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण को धनराशि दी है। तीनों कामों की ये धनराशि तकरीबन 13 लाख रुपये है। इन तीनों कार्यों के टेंडर हुए, ठेकेदारों के बांड भी बने। एक्सईएन ने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने को सीडीओ से इन तीनों कामों की पहले ली मंजूरी को गुमराह कर निरस्त करवा दिया। 15 दिन बाद इन्हीं कार्यों के टेंडर मैनुवली 20 फरवरी को सीडीओ को फिर गुमराह कर मंजूरी ले ली। इन कार्यों के टेंडर 11 मार्च को दोपहर 12 बजे निविदायें डलवायी गईं। ऐसे में यदि जिनके बांड बने हैं, वे ठेकेदार हाईकोर्ट चले गये तो सीडीओ से हाईकोर्ट जवाब-तलब कर सकता है। विधायक निधि के धन को हजम करने को एक्सईएन ने सीडीओ को भी गुमराह कर डाला। विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी तो ठहरे जनप्रतिनिधि, उनसे कोई भी कुछ लिखवा सकता है, लेकिन नियम-कानून-कायदे तो अधिकारी जानते हैं। ऐसे में चहेतों को लाभ पहुंचाने को राज पत्रित अधिकारी सीडीओ को एक्सईएन ने गुमराह करने की कैसे हिम्मत जुटायी? ये पूरा मामला सीडीओ अमृतपाल कौर के समक्ष इस प्रतिनिधि ने रखा है। उन्होंने मामला देखने को डीडीओ को निर्देश दिये हैं। इस बारे में एक्सईएन एसपी पाण्डेय से बात की तो कहा कि वे भदोही में बैठक में हैं, फिर बात होगी।




महिलाओं को सम्मानित करते डॉ बीके जैन आदि।

# नये भारत के निर्माण को महिलाओं को आना होगा आगेः ऊषा जैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज से संचालित जानकीकुण्ड स्थित सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट व श्री सदगुरु महिला समिति ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि दीनदयाल शोध संस्थान संगठन सचिव अभय महाजन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, अध्यक्षा श्रीमती ऊषा जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, डॉ पूनम अडवानी, आरबी सिंह चैहान व सदगुरू परिवार की महिलाओं की मौजूदगी में दीप जलाकर शुभारम्भ किया। मंगलवार को श्रीमती ऊषा जैन ने अतिथियों व महिलाओं का स्वागत कर कहा कि श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष अरविंद भाई मफतलाल ने आजीवन महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को प्रयास किये। महिला समिति की स्थापना को विशेष प्रेरणास्रोत रहे। सदगुरु महिला समिति की स्थापना 1998 में ग्रामीण महिलाओं के प्रशिक्षण व स्वरोजगार से जोडा। 26 वर्ष पूरे होने पर सैकड़ों महिलायें मुहिम से जुड सकी हैं। शिक्षण-प्रशिक्षण लेकर परिवार में आर्थिक मदद करने में सक्षम हुई हैं। महिलाओं की स्थिति में पिछले दशकों की अपेक्षा सुधार व प्रगति हुई है। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब हर दिन महिला दिवस मनेगा। हर इंसान की पहली गुरु मां होती है। मां ही पाल-पोषकर बड़ा करती है। मां से सबको संस्कार मिलते हैं। हर दिन महिला दिवस होना चाहिए।

महिला दिवस पर कर्वी से समाज सेविका जयश्री जोग, तुलसी प्रज्ञा चक्षु दिव्यांग विद्यालय से नीरू, महिला समिति से कौशिल्या देवी, सावित्री देवी, गौरी बाई को समिति ने सम्मानित किया।

# एसएफआई का अभाविप ने जलाया पुतला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसएफआई का विरोध जताते हुए पुतला दहन किया।

मंगलवार को अभाविप के जिला संयोजक रोहित पाण्डेय, जिला सहसंयोजक तेजप्रकाश चतुर्वेदी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलरंजन शुक्ल, सत्यम पाण्डेय, अमरदीप व रौनक त्रिपाठी आदि ने जिला मुख्यालय के धनुष चैराहा में केरल पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थ को प्रताडित कर हत्या करने पर एसएफआई का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। आरोपियों पर कडी कार्यवाही की मांग की। अभाविप ने कहा कि शैक्षिक परिसरों में छात्रों के बीच आनन्दमयी छात्र जीवन अभियान के साथ छात्रों के बीच तनाव मुक्त शैक्षिक माहौल बनाने का कार्य हो रहा है।



पुतला दहन करती अभाविप।

एसएफआई जैसे वामपंथी संगठन छात्रों को मानसिक-शारीरिक रुप से प्रताडित कर हत्या तक कर रहे हैं। अभाविप का ये प्रदर्शन शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा व तनाव मुक्त माहौल बनाने को एक अहम कदम है।

# तहसीलों में बिना रिश्वत के नहीं होते कार्यः अनुज

## सपा नेता ने डीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने जिले की तीनों तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी से की है।

मंगलवार को सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि क्षेत्रीय भ्रमण में तमाम ठेकेदारों व ग्रामीणों ने बताया कि तहसील में हैसियत प्रमाण पत्र बनवाने को राजस्व कर्मी व उच्चाधिकारी प्रमाण पत्र में आख्या लगाने को पांच हजार से लेकर बीस हजार रुपये तक रिश्वत मांगते हैं। न देने पर आवेदन निरस्त कर देते हैं। गरीब ग्रामीणों ने वरासत भी बिना रिश्वत के नहीं करते। वरासत प्रकिया में कार्यवाही को प्रदेश सरकार ने अभियान भी चलाया है। समीक्षा खुद मुख्यमंत्री करते हैं। इतने पर भी तहसील के जिम्मेदार कर्मचारी, लेखपाल व राजस्व निरीक्षक रिश्वत न देने पर आवेदकों के वरासत आवेदन में फर्जी आख्या लगाकर निरस्त कर देते हैं या विवादित दिखाकर न्यायालय भेज देते हैं। इससे ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि साक्ष्य के लिए किसी भी तहसील का मुआयना कर न्यायालय रजिस्टर देखा जा सकता है। आनलाइन वरासत जबसे शुरु हुई है, तब से विवादित वरासतों के मामलों की तादाद कई गुना हो गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि बाबत विवादित मामले हैं, समाधान को आवदकों ने हदबंदी आनलाइन की है, किसी भी आवेदन में बिना रिश्वत के पैमाइश नहीं होती। रिश्वत न देने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाता है। सपा नेता ने मांग किया कि सभी तहसीलों में फैले भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।



सपा नेता अनुज सिंह यादव।

# सांसद की पराजय का मुख्य कारण बनेगा अतिक्रमण

## जनता मांग रही पांच साल का हिसाब, फेसबुक में अब नहीं मिलते प्रतिक्रिया देने वाले

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मेरी बात के दो मायने हैं, अच्छी लगे तो अपना लो, बुरी लगे तो जाने दो-लोकसभा चुनाव तकरीबन एक माह के भीतर होने हैं। ऐसे में चुनावी जीत-हार को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं में लोग मशगूल हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मौजूदा सांसद/भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को लेकर हैं। चर्चाओं में लोग कहते हैं कि सदर विधायक अनिल प्रधान की भांति मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल भी अपनी निधि बाबत व पांच साल में किये कार्यों का ब्यौरा क्यों नहीं पेश कर रहे। मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल के पांच साल में किये कार्यों को लोगों ने गिनाना शुरु कर दिया है। लोगों ने कहा कि जिला मुख्यालय के धनुष चैराहे पर जब भाजपा के मूल मतदाताओं की दुकानें ढहाई जा रही थी, तब सांसद कहां थे? बस स्टैण्ड में सुलभ काम्पलेक्स समेत अन्य अतिक्रमणकारियों की दुकानें क्यों नहीं ढहाई गईं। इसे लेकर लोगों ने उस समय भी सांसद पर भेदभाव के आरोप लगाये थे। ये भेदभाव चरम पर पहुंच गया है, भेदभाव के आरोप लगने की परवाह न करते हुए सांसद अपनी जीत अभी से तय मान रहे हैं। उन्हें कोई फर्क नहीं पड रहा कि सुलभ काम्पलेक्स में किसके इशारे पर अतिक्रमण है, जबकि लाखों लोग मानते हैं कि ये सब सांसद के इशारे पर हो रहा है।

उन पर धनुष चैराहे की दुकानें ढहाने पर सहानुभूति के दो शब्द न बोलने के भी आरोप हैं। भले ही लोग सामने न कहें- पीठ पीछे सब कुछ कह देते हैं। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा उर्फ हीरो मिश्रा को जेल भेजने का भी मुद्दा लोकसभा चुनाव दौरान उठे तो लोगों को ताज्जुब नहीं करना चाहिए। बहुत नेतागिरी न सिखाओं मुही- ये मुद्दा भी चुनाव में खासा गरमायेगा। चमरौंहा-सकरौंहा में बरदहा नदी पर पुल का मुद्दा उस समय भी उठा था, जब मऊ-मानिकपुर से सांसद आरके सिंह पटेल विधानसभा का चुनाव लडे थे। ये पुल आज तक नहीं बन सका। वहां के लोग तो ताके बैठे हैं कि जनप्रतिनिधि कब क्षेत्र में आयें और वे उनका स्वागत किस अंदाज में करेंगे- ये बात तो जनप्रतिनिधि ही जान सकेंगे।

मऊ से महिला जाने वाले पुल का निर्माण भी अभी तक नहीं हो सका। इसे लेकर मऊ क्षेत्र के लोगों में खासी नाराजगी है। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की पराजय को भी कुछ लोग नहीं भूल सके हैं। चन्द्रिका की पराजय का बदला लेने की भी लोग ठाने बैठे हैं। इन पांच वर्षों में सांसद के किये कार्यों का जनता हिसाब मांग रही है। पराजय के इन कारणों से निजात पाने को सांसद आरके सिंह पटेल को गम्भीरता से सोचना चाहिए। इन दिनों सांसद की फेसबुक पोस्ट पर जहां कभी कमेंट में हजारों लोग प्रतिक्रिया देते थे, अब ये प्रतिक्रिया हाथों की गिनती में सिमट गई है। आसमान से फरिश्ते जो उतारे जायें, वो भी इस दौर में सच बोलें तो मारे जायें- बस बात यहीं खत्म।

# पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने वारंटी धर्मराज कोल पुत्र भीखम निवासी नाशगवां थाना पनवार जिला रीवा मप्र व वारंटी भवानीदीन पुत्र वासुदेव निवासी बैरागीपुर थाना महेवाघाट जिला कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय, सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

# तीन के कब्जे से 30 लीटर महुआ-25 क्वार्टर शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से तीस लीटर महुआ व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। मंगलवार को चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह के साथ सिपाही नागेश कुमार, रविशंकर, महिला सिपाही मनीषा पाण्डेय ने कल्ली देवी पत्नी स्व कमलेश निवासी जयपुरिया भवन सीतापुर के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब व विष्णु पुत्र रामकिंकर निवासी लोसरिया थाना नयागांव मप्र को 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सिपाही राहुल पाण्डेय के साथ अरविन्द मिश्रा पुत्र माता प्रसाद निवासी मंडौर के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। तीनों पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# एसपी के निर्देश पर 11 पर मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की रोकथाम को जारी कार्यवाही में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष रामसिंह ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 11 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। मंगलवार को थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने सुशील पटेल उर्फ मंजू पुत्र गणेश उर्फ चमन बरुई मजरा रुकमा बुजुर्ग, लवकुश पटेल पुत्र चुन्नूलाल बरुई, शिवनरेश पुत्र रामगोपाल तालातीर मजरा मडैयन, मुन्नीलाल उर्फ खड़क सिंह पुत्र रामदेव सेहरिन, श्याम सुंदर पुत्र रामचरण पटेल लंका पुरवा, चुक्कू यादव पुत्र दादू लाल बरुई, रिंकू पटेल उर्फ लवलेश पुत्र शिवप्रसाद लखनपुर, राजकरण पुत्र बच्चा चोखड़ा मजरा ददरीमाफी, सुरेश पटेल पुत्र श्यामलाल खांच, रामहित उर्फ हितुवा पुत्र शारदा प्रसाद बरूई व रविदास पुत्र जगन्नाथ कैलहा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

# आचार संहित के उल्लंघन पर ढाई हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित मामलों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय व पैरोकार रवि प्रकाश की पैरवी तथा सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ सुश्री संघमित्रा ने थाना मऊ में दर्ज चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर महेश कुमार सोनकर पुत्र रामसजीवन निवासी मौदहा जिला हमीरपुर को ढाई हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

# पाठा की धरती में पहली बार यात्रियों को लेकर उतरा विमान

## उद्योग को मिलेगा बढावाः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लखनऊ से पहली फ्लाइट चित्रकूट को 3.15 पर देवांगन एयरपोर्ट पर आई। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। आने वाले यात्रियों में फ्लाइट मालिक संजय मंडाविया, सुरेश चंद्र गुप्ता, डॉ सत्यम तिवारी समेत 16 लोगों के साथ फ्लाइट देवांगना एयरपोर्ट पर उतरा। यात्रियों में उत्साह देखने को मिला। जाने वाले यात्रियों में रामसागर चतुर्वेदी, रामेंद्र कुमार गौतम, संजीव अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रताप, रोहिल अग्रवाल थे। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर आदि ने आने वाले यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एयरपोर्ट सेवा से जिले में विकास का नया मार्ग खुलेगा। जिले में शिक्षा, व्यापार, उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।



एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत करते डीएम-एसपी आदि।

# बारातियों पर हमला, किसी का सर फूटा तो किसी का हाथ

## इलाका पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुवा थाने के खोपा गांव के लवलेश कुमार पुत्र केशव प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि बारात लेकर मऊ थाने के मटियारा गांव गये थे। वहां बारात में जब लोग सात मार्च को आराम कर रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने हमला बोलकर कई लोगों को घायल कर दिया है। मामले की रिपोर्ट थाना पुलिस ने नहीं लिखी।

मंगलवार को सरधुवा थाने के खोपा गांव के लवलेश कुमार पुत्र केशव प्रसाद ने बताया कि गांव के तमाम लोग बारात में गये थे। मटियारा गांव में कैलाश की पुत्री की बारात में रात दस बजे नाश्ता-द्वारचार के बाद गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया। मटियारा के मोनू पुत्र गुलाब, अरुण पुत्र शिवबालक, राकेश, राजेश पुत्र शारदा हांथ में लाठी-डंडा लेकर 10-15 लोगों के साथ आकर बरातियों की पिटाई करने लगे। पिटाई से उसके सिर व मिथलेश पुत्र कोठारी, लवलेश पुत्र कोठारी, देशराज पुत्र कोठारी, छोटकू पुत्र कल्लू, बच्चा पुत्र कल्लू, बब्बू पुत्र बिधरा, चुनकू पुत्र धर्मा, रज्जू पुत्र मैकू के शरीर पर चोटे आई और बारात में भगदड़ मच गयी। मोबाइल छीन लिया। बुलेरो पिकअप वाहन को क्षति पहुंचाई। 25 हजार की क्षति हुई। सोने की जंजीर भी लूट ले गये। किसी की अंगूठी, किसी की जंजीर व जेब में पड़े रुपये लूट ले गये। बारात में त्रिलोक सिंह सौ नंबर पर फोन कर पुलिस बुलाई। दो गाड़ियों में पुलिस आई। घायलों को मऊ थाना ले आई। रात में ही डॉक्टरी हुई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पुलिस ने कहा कि चुपचाप शादी कर यहां से भाग जाओ। पीडित ने मामला दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



बारातियों के साथ घायल युवक।

# भांजी को ले गये अपहरणकर्ता

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के तरौंहा फरासन टोला के राजन पुत्र स्व दुलीचन्द्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि सात मार्च को रात 12 बजे किशन पुत्र राममिलन यादव, दीपक यादव पुत्र मोहन यादव व फुफेरा भाई मंजीत यादव उसकी भांजी का जबरन अपहरण कर ले गये हैं। मामले की सूचना देने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी।मंगलवार को पीडित राजन ने बताया कि सात मार्च को उसकी 12 वर्षीय भांजी को उक्त लोग अपहरण कर ले गये हैं। वह अनुसूचित जाति का सफाई कर्मी है। भांजी उसके साथ रहती थी। पहले भी ये लोग भांजी को ले गये थे। इस बाबत मामला कोतवाली कर्वी में 412/2023 दर्ज है। आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल है। 27 मार्च को गवाही में लगा है। मुकदमे से बचने को ये तीनों पुनः भांजी का अपहरण कर ले गये हैं। पीडित ने आशंका जताई कि भांजी की हत्या कर सकते हैं, ताकि वह अदालत में बयान न दे सके। दंड से बचने को अनुसूचित जाति का गरीब मजदूर समझकर इन तीनों ने भांजी का अपहरण किया है। मामले की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जाये।

# विदेश संदेश

## राष्ट्रपति जारदारी ने शहबाज शरीफ मंत्रिमंडल के 19 सदस्यों को दिलायी शपथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के 19 सदस्यों को के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को शपथ दिलाई। जरदारी के इस कदम से सरकार के गठन का इंतजार खत्म हो गया। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति आवास में आयोजित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री शरीफ समेत अन्य लोग शामिल हुए। शपथ लेने वालों में इशाक डार, ख्वाजा आसिफ, अहसान इकबाल, मुहम्मद औरंगजेब, आजम तरार, राणा तनवीर, मोहसिन नकवी, अहद चीमा, खालिद मकबूल सिद्दीकी, रियाज प्रिजादा, कैसर शेख, शाजा फातिमा, अलीम खान, जाम कमाल, अमीर मुकाम, अवैस लेघारी, अत्ता तरार, सालिक हुसैन और मुसद्दिक मलिक का नाम शामिल हैं। नए मंत्रियों के विभागों की घोषणा बाद में की जाएगी लेकिन संभावना है कि औरंगजेब को वित्त मंत्री, डार को विदेश मंत्री और ख्वाजा आसिफ को रक्षा मंत्री, आजम तरार को कानून मंत्री, अत्ता तरार को सूचना मंत्री, मुसद्दिक मलिक को पेट्रोलियम मंत्री, मोहसिन नकवी को गृह मंत्री और अहद चीमा को कश्मीर मामलों का मंत्री बनाया जा सकता है।तीन ह्यटेक्नोक्रेटह्न मुहम्मद औरंगजेब, मोहसिन नकवी और अहद चीमा को सलाहकार के रूप में कैबिनेट में शामिल किया गया है। कैबिनेट में सिर्फ एक महिला शाजा फातिमा शमिल हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने मॉरीशस में अपने समकक्ष को 'रूपे कार्ड' भेंट किया

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस यात्रा पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को



मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात कर उपहार स्वरूप रूपे कार्ड भेंट किया। इसके साथ भारत तथा मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। ह्यरूपेह्न कार्ड को हाल ही में मॉरीशस में शुरू किया गया है। मुर्मू दिन में तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मंगलवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक हैंडल ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल स्टेट हाउस में राष्ट्रपति रूपन के साथ गर्मजोशी से और सौहार्दपूर्ण मुलाकात की।

एक्स पोस्ट में मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया है, दोनों नेताओं ने क्षमता निर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं में सहयोग सहित अनूठे और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। पोस्ट के मुताबिक, मुर्मू ने आयुर्वेदिक उद्यान की भी सराहना की जो पिछले साल स्टेट हाउस के मैदान में स्थापित किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता से पहले रूपन ने स्टेट हाउस में मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत किया। पोस्ट में मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया है, दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच रिश्तेदारी, संस्कृति और लोगों के बीच मजबूत संबंधों की ठोस नींव पर बने दीर्घकालिक और करीबी संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मुर्मू ने आयुर्वेदिक उद्यान का भी दौरा किया, जिसे पिछले साल आयुष मंत्रालय के सहयोग से प्रेसिडेंशियल स्टेट हाउस में स्थापित किया गया था। विदेश मंत्रालय ने राष्ट्रपति मुर्मू के आयुर्वेदिक उद्यान दौरे की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए रेखांकित किया, ह्न पारंपरिक चिकित्सा दोनों देशों के बीच साझेदारी का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। विदेश मंत्रालय ने पहले बताया था कि प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का पूरे राजकीय सम्मान के साथ स्वागत किया, जो दोनों देशों के बीच करीबी संबंधों को दशार्ता है। राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि था राष्ट्रपति मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपन और प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के अलावा मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, वहां के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और देश के कई महत्वपूर्ण नेताओं से भी मुलाकात करेंगी।

## इरेडा ने लगातार तीसरे वर्ष हासिल की है 'उत्कृष्ट' रेटिंग: सीएमडी



**नई दिल्ली।** भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इरेडा ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन 2022-23 के तहत 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने यह जानकारी दी है। विद्युत मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि इरेडा ने 11 मार्च, 2024 को अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया, जो भारत में नवीकरणीय ऊर्जा विकास को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने कहा कि इरेडा ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन 2022-23 के तहत 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। दास ने अपने संबोधन में कहा कि 93.50 के स्कोर और 'उत्कृष्ट' की अंतिम रेटिंग के साथ लगातार तीसरे वित्त वर्ष कंपनी को 'उत्कृष्ट' रेटिंग का सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि ये सम्मान कंपनी के समर्पण, कठोर मेहनत और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।




# पाकिस्तान की नई सरकार, ख्वाजा आसिफ संभालेंगे रक्षा मंत्रालय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नई सरकार में ख्वाजा आसिफ रक्षा मंत्रालय संभालेंगे। सरकार में शामिल 19 सदस्यों के शपथ लेने के बाद मंत्रालयों की घोषणा की गई है। जिओ न्यूज के अनुसार सोमवार को मंत्रालयों का आवंटन किया गया। पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार को विदेश मंत्रालय आवंटित किया गया है। बैंकर मोहम्मद औरंगजेब को प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की वित्त टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। इसके अलावा पंजाब के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। नकवी के संसद के ऊपरी सदन के सदस्य के रूप में चुने जाने की भी संभावना जताई गई है।अहद खान चीमा को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ रक्षा उत्पादन और विमानन के अतिरिक्त विभाग भी संभालेंगे। अहसान इकबाल योजना, विकास और विशेष पहल मंत्रालय की बागडोर संभालेंगे। फिलहाल राज्यमंत्री शजा फातिमा ख्वाजा को कोई विभाग नहीं दिया गया है।

# अजीत डोभाल ने इजराइल में बेंजामिन नेतन्याहू से की मुलाकात

**तेल अवीव।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इजराइल में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को मुलाकात कर गाजा समेत कई मुद्दों पर वार्ता की। नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में जारी युद्ध की जानकारी अजीत डोभाल के साथ साझा की। इसके अलावा दोनों देशों की ओर से बंधकों को रिहाई और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

इस मुलाकात की जानकारी इजराइल के प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए दी गई। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के



निदेशक, प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और इजराइल में भारतीय राजदूत ने भी हिस्सा लिया। रमजान के महीने में हमास प्रमुख ने एक बार फिर गाजा में युद्धविराम की मांग पर जोर दिया है। हमास प्रमुख इस्माइल हानियेह ने रविवार को कहा कि हम गाजा में युद्धविराम के समझौते को पूरा करने के लिए इजरायल के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्धविमार को लेकर कई बार मध्यस्थता विफल रही है। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी समझौते पर बात नहीं बनने के लिए इजरायल की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके बावजूद हम युद्धविराम पर बातचीत जारी रखने के लिए तैयार हैं।

## नेपाल में राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर सीपीएन-एमसी की जीत

**नेपाल।** नेपाल में संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर मंगलवार को हुए चुनाव में सत्तारूढ़ सीपीएन-एमसी के उम्मीदवार नारायण दाहाल विजयी हुए हैं। दाहाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार युवराज शर्मा को हराया। नारायण दाहाल प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के भाई हैं। दाहाल के पक्ष में राष्ट्रीय सभा के 56 सदस्यों में से 39 ने वोट दिया। सतारूढ़ गठबंधन के सभी घटक दलों ने दाहाल के पक्ष में ही वोट किया। नेपाली कांग्रेस के युवराज शर्मा को सिर्फ 17 वोट मिले। नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार का लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा) ने भी समर्थन किया था। राष्ट्रीय सभा में नेपाली कांग्रेस के 16 और लोसपा का एक सदस्य है।

## मालदीव से भारत लौटा पहला भारतीय सैन्य दस्ता

**माले।** भारत और मालदीव के तल्ख होते रिश्तों के बीच एक भारतीय सैन्य दस्ता लौट आया है। हालांकि वहां मौजूद हेलीकाप्टर को संचालित करने के लिए 26 भारतीय नागरिकों का एक दल पहले ही वहां पहुंच चुका है। हालांकि, अभी तक भारत सरकार ने पहले भारतीय सैन्य दस्ते की वापसी संबंधी कोई पुष्टि नहीं की है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) के मीडिया अधिकारी ने एक समाचार पोर्टल को बताया कि अड्डू सिटी में तैनात भारतीय सैनिक भारत लौट चुके हैं। इससे पहले उनका स्थान लेने के लिए उतने ही संख्या बल में भारतीय नागरिकों को भेजा गया है, जो वहां तैनात हेलीकाप्टर के अभियानों को पूरा करेंगे। फिलहाल भारतीय रक्षा मंत्रालय ने अब तक मालदीव से भारतीय सैनिक दस्ते की वापसी की कोई पुष्टि नहीं की है। 26 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था 26 फरवरी को ही माले पहुंचा था, अब भारतीय सैन्य अफसरों की जगह लेगा और अड्डू में हेलीकाप्टर को आपरेट करेगा। भारत ने इस जत्थे के साथ एक नया हेलीकाप्टर भी भेजा है और पुराने हेलीकाप्टर को वापस मंगा लिया है, जिसकी सर्विसिंग होनी है। इस हेलीकाप्टर को ले जाने वाला भारतीय जहाज 29 फरवरी को अड्डू पहुंचा था। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के प्रबल समर्थक हैं और पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने भारत विरोधी सुर छेड़ दिए हैं। लिहाजा, उन्होंने कहा था कि वह अपने देश में एक भी भारतीय सैन्य अफसर को नहीं रहने देंगे। यहां तक कि नागरिक वेशभूषा वालों को भी वह दस मई के बाद मालदीव के अंदर रहने नहीं देंगे। मुइज्जू ने पिछले साल ही सत्ता में आने के बाद भारत विरोधी रुख अख्तियार करते हुए कहा था कि वह सभी 90 भारतीय सैनिकों को मालदीव से लौटा देंगे। ध्यान रहे कि मुइज्जू सरकार ने माले में एक अत्याधुनिक चीनी शोध जहाज को खड़ा कर दिया है। ऐसा एमएनडीएफ ने चीनी सेना से किए समझौते के तहत किया है। इसी समझौते के तहत चीन मालदीव को मुफ्त में गैर घातक हथियार देगा।

# पाकिस्तान की प्रथम महिला बनेंगी राष्ट्रपति जरदारी की बेटी आसिफा भुट्टो

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी 31 वर्षीय बेटी आसिफा भुट्टो को औपचारिक रूप से देश की प्रथम महिला का दर्जा देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है। प्रथम महिला का दर्जा आमतौर पर राष्ट्रपति की पत्नी को मिलता है लेकिन साल 2007 में उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या हो गई थी। जरदारी ने भुट्टो की मृत्यु के बाद दोबारा शादी नहीं की और वह जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे तो उनके पहले कार्यकाल (2008 से 2013) के दौरान भी देश की प्रथम महिला का पद खाली था। जरदारी ने रविवार को देश के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। इस्लामाबाद स्थित



राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जरदारी के साथ उनकी सबसे छोटी बेटी आसिफा भी मौजूद थीं। रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने दावा किया कि राष्ट्रपति जरदारी ने आसिफा भुट्टो को पाकिस्तान की पहली महिला का दर्जा देने का फैसला किया है। जरदारी की सबसे बड़ी बेटी बख्तावर भुट्टो जरदारी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में आसिफा को टैग किया।

ट्वीट में लिखा था- ह्यराष्ट्रपति आसिफ जरदारी की सभी अदालती सुनवाई में उनका साथ देने से लेकर जेल से उनकी रिहाई के लिए संघर्ष तक- अब पाकिस्तान की प्रथम महिला के रूप में उनके साथ हैं।ह्न बख्तावर ने इस पोस्ट के अंत में आसिफा का नाम लिखा।भुट्टो परिवार के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी जरदारी के फैसले की पुष्टि करती प्रतीत हो रही है। आधिकारिक घोषणा के बाद आसिफा को प्रथम महिला के अनुरूप ह्यप्रोटोकॉलह्न और विशेषाधिकार दिए जाएंगे।

आसिफा चुनावों के लिए पीपीपी के अभियान में सक्रिय रूप से शामिल थीं और उन्होंने अपने भाई बिलावल भुट्टो जरदारी के समर्थन में कई जनसभाएं भी की थीं। बिलावल भुट्टो चुनाव में अपनी पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस में सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित की

**पोर्ट लुइस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचने पर मॉरीशस के महान सपूतों सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को पैम्पलेमोसेस के बॉटनिकल गार्डन में श्रद्धांजलि अर्पित की। यह सचित्र जानकारी भारतीय राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स हैंडल पर साझा की है। इससे पहले उन्होंने मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात की। भारत और मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू ने रूपन को एक ह्यरूपेह्न कार्ड भी उपहार में दिया। मुर्मू मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।



# स्पाइसजेट के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी समेत कई लोगों ने छोड़ी कंपनी

**नई दिल्ली।** नकदी संकट और कानूनी लड़ाई से जूझ रही स्पाइसजेट की मुश्किलें और बढ़ गई है। स्पाइसजेट के वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) अरुण कश्यप ने इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, कहा गया है कि कंपनी में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत वाणिज्यिक टीम के कई सदस्यों ने अपना इस्तीफा दिया है स्पाइसजेट ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक टीम के कई सदस्यों ने कंपनी छोड़ दी है। कंपनी के अनुसार यह बदलाव रणनीतिक पुनर्गठन के तहत किया गया है। हाल के दिनों में कंपनी के राजस्व और लोड फैक्टर में लगातार और महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है। कंपनी के प्रवक्ता ने यहां जारी एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट अपनी क्षमता बढ़ाने, तेजी से बढ़ने और भारतीय विमानन क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तत्पर है। इसके तहत कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। दरअसल, स्पाइसजेट ने हाल ही में फंड जुटाने के साथ-साथ पूर्व के सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि अरुण कश्यप ने इससे पहले 2022 में स्पाइसजेट छोड़कर एयर इंडिया में चीफ ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिसर के पद पर ज्वाइन किया था, लेकिन एक साल के अंदर ही कश्यप एयर इंडिया छोड़कर फिर से स्पाइसजेट में आ गए गए थे। कश्यप जेट एयरवेज और ओमान एयर में काम कर चुके हैं।

## अरबाज खान ने नेपोटिज्म पर रखी अपनी बेबाक राय



पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर खूब चचार्एं हुईं। कई सेलिब्रिटीज ने इसके समर्थन में तो कई ने इसके विरोध में अपनी राय रखी है। हाल ही अरबाज खान ने इस पर अपनी राय रखी। उन्होंने एक इंटरव्यू में साफ किया कि किसी एक्टर की सफलता का श्रेय उसके परिवार को देना गलत है। सलीम खान के बेटे और सलमान खान के भाई होने के नाते भले ही दो भाई अरबाज और सोहेल आज उतने सफल नहीं हो पाए, जितना होना चाहिए, लेकिन आज दोनों अलग क्षेत्र में अपना नाम कमा रहे हैं। मीडिया को दिए इंटरव्यू में अरबाज खान ने कहा, 'अगर आपके पिता सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री से नहीं बल्कि किसी अलग फील्ड से हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद है। आपको वहां काम करने का मौका मिल सकता है। यदि आपके पिता डॉक्टर, वकील हैं तो वह आपको उन व्यवसायों में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसी तरह एक अभिनेता के रूप में हमारे लिए यह हमारे पिता की वजह से संभव हो सका।' हम जिस व्यक्ति के साथ काम करना चाहते थे, उससे तुरंत मिलने का मौका तो मिल जाता था, लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि वह व्यक्ति हमें काम ही देगा।'' अरबाज ने कहा, 'अगर आपके माता-पिता इस फील्ड में हैं तो आपको तुरंत या बिना ज्यादा मेहनत के ब्रेक मिल सकता है लेकिन कोई भी पक्के तौर पर नहीं कह सकता कि इससे आपका करियर बनेगा। मैं और सोहेल अपने भाई सलमान जितने सफल नहीं हो सके।' हम अभी भी एक ही क्षेत्र में हैं और अलग-अलग चीजें कर रहे हैं। यहां कोई भी आप पर एहसान नहीं कर रहा है। आपके माता-पिता या रिश्तेदार चाहे कितने भी बड़े स्टार क्यों न हों, अगर दर्शक आपके प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, अगर वे आपको देखना नहीं चाहते हैं तो इंडस्ट्री में उसका कोई फायदा नहीं कि आप किसके भाई है या किसके बेटे हैं।

सलमान के भाई अरबाज खान और सोहेल खान दोनों ने एक्टिंग में अपनी किस्मत आजमाई। एक-दो अच्छी फिल्मों को छोड़कर उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं और अंततः उन्होंने संन्यास ले लिया। बाद में दोनों ने प्रोडक्शन और डायरेक्शन पर फोकस किया और सलमान के साथ मिलकर एक के बाद एक बेहतरीन फिल्में भी दीं। चर्चा है कि सोहेल खान जल्द ही अपनी लंबे समय से रुकी हुई फिल्म 'शेर खान' पर काम शुरू करेंगे।